RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखाण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 197 | ग्वालियर बुधवार 26 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

### 25 फरवरी को 'अर्बन समिट' में होगा 'डेवलपिंग सिटीज ऑफ टुमॉरो' पर संवाद

**मारूति लाल विश्वकर्मा**

भोपाल/छिन्दवाड़ा/26 फरवरी 2025/ राजधानी भोपाल में 24-25 फरवरी को श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में 25 फरवरी (मंगलवार) दोपहर 2 बजे से अर्बन समिट का आयोजन होगा। इसमें शहरी विकास से जुड़ी प्रमुख नीतियों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश में 72 हजार करोड़ रुपये की लागत से नगरीय विकास की विभिन्न परियोजनाएँ प्रगति पर हैं, जबकि 88 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएँ प्रक्रियाधीन हैं।





समिट में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, और केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री कटिकिथला श्रीनिवासन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला के स्वागत उद्बोधन से होगा।

उद्घाटन सत्र के बाद ऊडेवलपिंग सिटीज ऑफ टुमॉरोऊ विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रमुख सचिव श्री शुक्ला एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री सी.बी. चक्रवर्ती अपने प्रेजेंटेशन देंगे। इसके बाद, निवेशकों के साथ नगरीय विकास से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश के अवसरों पर परिचर्चा की जाएगी। इस अवसर पर ईवी पोर्टल का लोकार्पण भी किया जाएगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें निवेशकों को शहरी विकास परियोजनाओं में निवेश की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। अर्बन समिट निवेशकों के लिए राज्य में शहरी विकास की अपार संभावनाओं को जानने और उसमें भागीदारी करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

## राज्यमंत्री लखन पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने पथरिया विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात भी दी

### श्री केसी सुदर्शन जी के नाम से हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पथरिया में 51 करोड़ की लागत से वायपास की मांग पर की घोषणा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से राजेश कुमार पटेल**



दमोह - आज शिवरात्रि का दिन है, इस पवित्र स्थान पर संत जै जै सरकार जी विराजमान है, अजबधाम आकर ऐसा लग रहा जैसे रेगिस्तान में शीतल जल और छांव मिल गई हो, यह क्षेत्र पथरिया का पहले फतेहपुर था, अब अजबधाम हो गया है। परमात्मा करे ऐसे कार्य हमारी सरकार रोज करें, बाबा महाकाल के दरबार में शीश झुककर आया हूं, हम देवी-देवताओं को भोग लगाते है, यह हमारी संस्कृति और परम्परा है, 56 भोग का अलग ही आनन्द है, भगवान भाव के भूखे होते है, उनकी कृपा भक्तो पर है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजबधाम में महाशिवरात्री के पावन पर्व के अवसर पर श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच पर पहुं?

## महाशिवरात्रि के पर्व पर बंब बम भोले के जयकारों से गूंजा गोलेश्वर एवं धूमेश्वर महादेव मंदिर

### पुलिस वल ने संभाली व्यवस्था सुरक्षा और आवागमन के रहे बेहतरीन इंतजाम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर लोकेंद्र सोलंकी**

भितरवार नगर के प्रसिद्ध सिद्ध स्थल धूमेश्वर एवं गोलेश्वर भोले नाथ के मन्दिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु और भक्त जन पहुंचे जिन्होंने भोलेनाथ को गंगा जल चढाकर पुजा अर्चना की सेकंडों की संख्या में उत्तर प्रदेश शोरों से कांवड भर कर लाये शिव भक्तों ने भी भोलेनाथ पर कांवड़ चढ़ाई धर्म समागम के इस विशाल मेले में धूमेश्वर एवं गोलेश्वर महादेव कमेटी ने सभी दर्शनार्थियों के लिए सुविधा जनक इंतजाम किए इस मौके पर भितरवार एसडीओपी जितेंद्र



नगाइच एवं थाना प्रभारी अतुल सिंह सोलंकी पुलिस वल के साथ मौजुद रहे और आस्था के इस मेले की सारी व्यवस्था ठीक रखने में अहम भूमिका निभाई जिससे भक्तों को दर्शन करने और जल चढ़ाने में कोई परैशानी नहीं आई शिव भक्तों ने बड़े श्रदा भाव से बंब बम भोले के जयकारे लगाये, एवं भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का बड़े ही श्रद्धा भाव से अभिषेक किया एवं नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल की द्वारा भितरवार प्राचीन गोलेश्वर महादेव मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन श्याम 6¬00 से किया गया भजन कीर्तन के लिए गायक एवं गायिका को बड़े दूर-दूर से बुलाया गया सभी भक्तों ने भजन कीर्तन का बड़ी ही श्रद्धा भाव से आनंद लिया एवं भगवान भोलेनाथ के भजनों में सभी भक्त मगन हो गये

## केंद्र बोला- दोषी नेताओं पर आजीवन बैन अचित नहीं:सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी है



**नई दिल्ली।** केंद्र ने कहा- याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। केंद्र सरकार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के खिलाफ है। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इसका विरोध किया। कहा कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है।इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दोषी नेताओं के खिलाफ आजीवन बैन लगाने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र ने कहा, %याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। ये पूरी तरह से न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत है।

वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में जनहित याचिका लगाई थी, जिसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई। उन्होंने पूछा था कि राजनीति पार्टियों को यह बताना चाहिए कि आखिर वे अच्छे छवि वाले लोगों को क्यों नहीं खोज पाते हैं।

## केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजने की अटकलें



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (क्क) ने पंजाब से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। पार्टी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस और भाजपा का दावा है कि क्कसंजीव अरोड़ा की जगह अब अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजेगी। कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि केजरीवाल ने सांसद अरोड़ा से कैबिनेट में जगह देने का सौदा किया है। इस साजिश से पता चलता है कि केजरीवाल एक दिन भी सत्ता के बिना नहीं रह सकते। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा- क्या इस कदम का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे। कांग्रेस और भाजपा के दावों को आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने खारिज कर दिया है। प्रियंका ने कहा- अरविंद केजरीवाल न पंजाब के ष्टरू बन रहे हैं और न ही राज्यसभा जा रहे हैं। दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं।

## महाशिवरात्रि पर बम भोलेनाथ की भक्ति में सरावोर दिखे ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

### सामान्य श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर किए भोलेनाथ के दर्शन






**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोलेनाथ की भक्ति में सरावोर दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर कई घंटे अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक और पूजा-अर्चना की।



ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने निर्धारित समयानुसार बुधवार सुबह न्यू कॉलोनी कांच मिल स्थित अपने निजी निवास से कोटेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने भगवान भोलेनाथ के भक्तों और भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली के साथ नंगे पांव पैदल चलते हुए कांच मिल, पाताली हनुमान मंदिर, तानसेन रोड, हजीरा, किला गेट, घास मंडी होते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने भगवान भोलेनाथ के किसी सामान्य भक्त की तरह लाइन में लगकर कई घण्टे तक अपनी बारी आने का इंतजार किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ? नमः शिवाय और बम-बम भोले के जयघोष लगाते हुए कोटेश्वर महादेव जी पर अभिषेक और पूजा-अर्चना की। तदोपरांत ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर के निकट जन कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे प्रसादी वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ उनके समर्थकों के अलावा, जन कल्याण समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महाशिवरात्रि के पर्व पर बंब बम भोले के जयकारों से गूंजा गोलेश्वर एवं धूमेश्वर महादेव मंदिर

## पुलिस वल ने संभाली व्यवस्था सुरक्षा और आवागमन के रहे बेहतरीन इंतजाम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर लोकेंद्र सोलंकी**



भितरवार नगर के प्रसिद्ध सिद्ध स्थल धूमेश्वर एवं गोलेश्वर भोले नाथ के मन्दिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु और भक्त जन पहुंचे जिन्होंने भोलेनाथ को गंगा जल चढाकर पुजा अर्चना की सेकंडों की संख्या में उत्तर प्रदेश शोरों से कांवड भर कर लाये शिव भक्तों ने भी भोलेनाथ पर कांवड़ चढ़ाई धर्म समागम के इस विशाल मेले में धूमेश्वर एवं गोलेश्वर महादेव कमेटी ने सभी दर्शनार्थियों के लिए सुविधा जनक इंतजाम किए इस मौके पर भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाइच एवं थाना प्रभारी अतुल सिंह सोलंकी पुलिस वल के साथ मौजुद रहे और आस्था के इस मेले की सारी व्यवस्था ठीक रखने में अहम भूमिका निभाई जिससे भक्तों को दर्शन करने और जल चढ़ाने में कोई परैशानी नहीं आई शिव भक्तों ने बड़े श्रदा भाव से बंब बम भोले के जयकारे लगाये, एवं भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का बड़े ही श्रद्धा भाव से अभिषेक किया एवं नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल की द्वारा भितरवार प्राचीन गोलेश्वर महादेव मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन श्याम 6:00 से किया गया भजन कीर्तन के लिए गायक एवं गायिका को बड़े दूर-दूर से बुलाया गया सभी भक्तों ने भजन कीर्तन का बड़ी ही श्रद्धा भाव से आनंद लिया एवं भगवान भोलेनाथ के भजनों में सभी भक्त मगन हो गये।

# अम्बाह शिवरात्रि के पावन पर्व पर परेड वाले शिव मंदिर पर भगवान नर्मदेश्वर भगवान का अभिषेक किया

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**अंबाह ।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर परेड वाले शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया पंडित रामधुन शर्मा ने कहा भगवान भूपति इन्हें एक पत्ता भी चढ़ा दो उससे भी खुश हो जाते हैं श्री शर्मा ने कहा कि अगर भगवान भोलेनाथ के सामने खाली हाथ भी जाते हैं तो भी स्वयं भगवान भूपति आशीर्वाद बनाए रखते हैं रुद्राभिषेक का महत्व रुद्राभिषेक यूं तो कभी भी किया जाए हमेशा शुभ फलदायी होता है लेकिन महाशिवरात्रि के मौके पर इसका महत्व कई गुणा बढ़ जाता है। शिवपुराण के रुद्रसंहिता में बताया गया है महाशिवरात्रि, सावन सोमवार और शिवरात्रि पर अगर रुद्राभिषेक किया जाए तो यह विशेष फलदायी होता है। रुद्राभिषेक के दौरान शिवलिंग का पवित्र स्नान किया जाता है और यह सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली और चमत्कारी पूजा मानी गई है। रुद्राभिषेक करके भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर करते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा, ऐसे में आप यह प्रभावशाली पूजा महाशिवरात्रि के मौके पर अपने घर में भी कर सकते है।

## ग्वालियर टीम द्वारा किया गया डी.ई.आई.सी. एवं जिला चिकित्सालय का भ्रमण

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय के नवीन भवन पर डी.ई.आई.सी. कक्ष कमांक 42 तीसरी मंजिल का निरीक्षण डॉ. अमित अग्रवाल एवं श्री संतोष गोले, बेदान्ता हॉस्पीटल ग्वालियर के साथ में सम्पूर्ण संस्था का भ्रमण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय उपस्थित थे। डॉ. अमित अग्रवाल के द्वारा आरव पुत्र दीवान सिंह यादव उम्र 06 माह के बच्चे के कटे हुये होट का स्वास्थ्य परीक्षण कर सर्जरी के लिये चिन्हित किया। साथ ही उन्होंने सम्पूर्ण डीईआईसी और जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर संतोष जताया और कार्य की सराहना की गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के द्वारा स्क्रीनिंग कैम्प जिला चिकित्सालय जिला मुरैना का निरीक्षण किया गया।

# महाशिवरात्रि पर बम भोलेनाथ की भक्ति में सरावोर दिखे : ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

## सामान्य श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर किए भोलेनाथ के दर्शन

**ग्वालियर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोलेनाथ की भक्ति में सरावोर दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर कई घंटे अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक और पूजा-अर्चना की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने निर्धारित समयानुसार बुधवार सुबह न्यू कॉलोनी कांच मिल स्थित अपने निजी निवास से कोटेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने भगवान भोलेनाथ के भक्तों और भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली के साथ



नंगे पांव पैदल चलते हुए कांच मिल, पाताली हनुमान मंदिर, तानसेन रोड, हजीरा, किला गेट, घास मंडी होते हुए कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने भगवान भोलेनाथ के किसी सामान्य भक्त की तरह लाइन में लगकर कई घण्टे तक अपनी बारी आने का इंतजार किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर नमः शिवाय और बम-बम भोले के जयघोष लगाते हुए कोटेश्वर महादेव जी पर अभिषेक और पूजा-अर्चना की। तदोपरांत ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर के निकट जन कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे प्रसादी वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ उनके समर्थकों के अलावा, जन कल्याण समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्वालियर में पहली बार हजारों भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि पर अखंड वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा है पार्थिव एवं महा शिवलिंग का निर्माण

**ग्वालियर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान अखिलेश और महादेव के सानिध्य में साइंस कॉलेज के सामने झांसी रोड श्री अचलनाथ गार्डन में आज सुबह से ही शिव भक्तों द्वारा पार्थिव एवं महा शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है आज के इस पार्थिव एवं महा शिवलिंगके निर्माण में एसडीएम ग्वालियर पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पार्थिव शिवलिंग का निर्माण वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया कार्यक्रम के संयोजक रवि चौबे ने बताया की सुबह से ही पार्थिव शिवलिंग एवं महारुद्र अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण का आयोजन किया जा रहा है यह सारी व्यवस्थाएं सभी भक्तगणों



के लिए बिल्कुल निशुल्क रखी गई है वही आचार्य कान्हा जी ने बताया की महाशिवरात्रि में पार्थिव शिवलिंग पूजा का बड़ा महत्व है जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चन करता है वह 10000 कल्प तक स्वर्ग में निवास करता है वही पार्थिव एवं महा शिवलिंग का निर्माण करने आए नायक जी ने बताया कि आज हमारे परिवार ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया बहुत ही सुंदर आयोजन है इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होना बहुत आवश्यक है

# गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर से, भगवान शिव की रैली निकाली गई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



महाशिवरात्रि के उपलक्ष मे, ब्रह्माकुमारीज गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर, मालनपुर रोड ग्वालियर से आज सुबह 9:30 बजे उक्त रैली निकाली गई, रैली का स्वागत मामा ढाबा के मालिक रामबाबू भाई व मिथुन भाई ने फूल मालाओ से शिव की आरती पूजा करते हुए किया, आगे रैली के रास्ते मे, माँ खेड़ापति कास्मेटिक स्टोर के मालिक श्री कमलकिशोर राजपूत व उनके परिवार ने स्वागत किया, यादव होटल के मालिक ने अपनी होटल के सामने शिव की आरती पूजा करते हुए... रैली का स्वागत किया... रैली में संस्था के भाई बहन... कलयुग जाने वाला है, सतयुग आने वाला है ...सब तीर्थ में तीर्थ महान/ आबू पर्वत राजस्थान... जब छोड़ेंगे पांच विकार/ तभी मिटेगा भ्रष्टाचार ... आदि नारों से लोगों जागरुक कर रहे थे... इसी क्रम में, मालनपुर थाने के, मुंशी श्री प्रशान्त शर्मा व अन्य स्टाफ ने थाने के सामने पूजा करते हुए रैली का स्वागत किया... मालनपुर में बघेल डेयरी के प्रोपराइटर जयनारायण बघेल व स्टाफ ने स्वागत किया, चंचल लाईट के विनोद पाल व परिवार ने स्वागत किया, रैली मे ब्रह्माकुमारीज गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर, मालनपुर की सेवा केंद्र प्रभारी, बी के ज्योति बहन, बी के अर्चना बहन, बी के सृष्टि बहन, बी के पूजा बहन, बी के खुशबू बहन, चन्द्रप्रभा माता जी, बी एस एफ डिप्टी कमांडेंट श्री मौर्या जी, श्री रामबाबू पाल, व संस्था भाई-बहनें मौजूद रहे।

# जिले के पेट्रोल पंपों पर की जा रही है डीजल और पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच



**ग्वालियर।** जिले में संचालित सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता की जाँच करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्य विभाग एवं तेल कंपनियों के अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में बुधवार को बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) की टीम ने चेतकपुरी तिराहे पर स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर पेट्रोल एवं डीजल की डेनसिटी और फिल्टर की गुणवत्ता जाँची। जाँच में गुणवत्ता ठीक पाई गई है। जिले के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोलियम तेलों की गुणवत्ता जाँचने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता के साथ-साथ माप यंत्रों की भी जांच करें, जिससे उपभोक्ताओं को पूरा तेल मिले। इस काम को पूरी गंभीरता के साथ करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

# थाना अम्बाह पुलिस द्वारा झुमकी स्नैचिंक करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सोने की झुमकी बरामद की, एवं अपाचे मोटर साईकिल भी की जब्त

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**




**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री समीर सौरभ (नापुसे) द्वारा चोरियों की घटनाओं की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरणों फरार चल रहे बदमाशों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में एसडीओपी अम्बाह श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में बाना अम्बाह पुलिस द्वारा चैन स्नैचिंग के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर 01 सोने की झुमकी बरामद की गई एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाईकिल क्रमांक क्र360-स्स्न-9827 जब्त की गई साथ ही एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। दिनांक 26.02.25 को निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी अम्बाह एवं हमराह फोर्स द्वारा थाना हाजा के अपराध क्रमांक 84/25 धारा 304 बी.एन.एस. में फरार चल रहे आरोपी को सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अपाचे चालक निवासी छिछावली थाना दिमनी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाईकिल क्रमांक क्र360-स्स्न-9827 एवं चोरी की गई सोने की झुमकी कीमत करीबन 20,000/- रूपये की बरामद की गई।



# कैलारस के अलोपी शंकर मंदिर में लगा मेला महाशिवरात्रि पर मुरैना जिले के मंदिरों में सुबह से लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

**मुरैना।** मुरैना में महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कैलारस के ऐतिहासिक अलोपी शंकर महादेव मंदिर पर विशेष मेले का आयोजन किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया अलोपी शंकर महादेव मंदिर की विशेष पहचान है कि यहां प्रतिदिन सुबह 4 बजे जब पुजारी मंदिर के कपाट खोलते हैं, तो शिवलिंग पर पहले से ही बेलपत्र चढ़े मिलते हैं। सीसीटीवी कैमरों में भी यह रहस्य नहीं सुलझ पाया है, कि प्रथम पूजा कौन करता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह पूजा किसी अदृश्य शक्ति द्वारा की जाती है। सिंहौनिया क्षेत्र का ककनमठ मंदिर, जो एक प्राचीन धरोहर है, में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोक मान्यता है कि इस विशिष्ट वास्तुकला वाले मंदिर का निर्माण एक ही रात में किसी अज्ञात शक्ति द्वारा किया गया था। जौरा कस्बे के आलापुर गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर में विशेष आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में विशाल पंडाल लगाया गया है और भंडारे की व्यवस्था की गई है। इसी तरह कस्बे के भूतेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का आगमन जारी है। जिले के अन्य प्रमुख शिव मंदिरों जैसे बड़ोंखर का महाकाल मंदिर, बटेश्वर और मितावली पढ़ावली स्थित मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी हुई है। मुरैना के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

# बेकाबू होकर मिट्टी के ढेर पर चढ़ी एम्बुलेंस मरीज की मौत

**मुरैना।** मुरैना में मंगलवार देर रात एक 108 एंबुलेंस बेकाबू होकर सड़क किनारे रखे मिट्टी के ढेर पर चढ़ गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार मरीज की मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए। मृतक के परिजनों ने एंबुलेंस चालक पर नशे में वाहन चलाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात 108 एंबुलेंस कैलारस से एक मरीज और उसके परिजनों को लेकर मुरैना जिला अस्पताल जा रही थी। इस दौरान जब मुंगावली के पास पहुंची चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और एंबुलेंस



सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर पर चढ़ गई। इस हादसे में एंबुलेंस में सवार अशोक कुशवाहा और उनकी पत्नी कल्पना कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद अशोक कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल कल्पना कुशवाहा और उसके भाई मनोज का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के दौरान पीछे से आ रही एक कार भी एंबुलेंस से टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आईं। अशोक कुशवाहा के भाई मनोज ने एंबुलेंस चालक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिससे दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया गया है।

## विजयपुर में ब्रह्माकुमारी संस्थान ने निकाली आध्यात्मिक शिव बारात

**श्योपुर।** विजयपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और नशा मुक्त भारत अभियान के मेडिकल विंग ने संयुक्त रूप से बुधवार को शहर में आध्यात्मिक शिव बारात निकाली। महाशिवरात्रि के मौके पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रभारी बीके शशि बहन ने मुख्यालय पर शिव ध्वजारोहण किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव को औढरदानी भी कहा जाता है। इसका आध्यात्मिक अर्थ है कि वह सभी मनुष्य आत्माओं के पिता हैं। वे इस समय धरती पर आकर सभी मनुष्यों से उनके अवगुणों और विकारों का दान स्वीकार कर रहे हैं। शशि बहन ने अक, धतूरा और बेर के आध्यात्मिक महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि ये हमारे जीवन में आई बुराइयों का प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे शिव की याद में रहकर सभी से प्रेम भाव रखें। साथ ही सरल और सादगीपूर्ण जीवन जीएं। कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर झांकी प्रस्तुत की। इसमें शिव, शंकर, पार्वती, ऋषि-मुनि और नंदी गण को दर्शाया गया। शिव भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और शिवलिंग की पूजा की।

# महाशिवरात्रि पर सबलगढ़ में निकली शिव बारात दीवान पैलेस से देवी मंदिर तक शोभायात्रा में महाकाल की शाही सवारी

**सबलगढ़।** सबलगढ़ में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तीसरी बार महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। जय महाकाल भक्त मंडल ने इस कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली। भोलेनाथ की बारात बुधवार दोपहर 1:30 बजे दीवान पैलेस से शुरू हुई, यह शाही सवारी मंडी संतरों और एमएस रोड से होते हुए गंज और पुराना बाजार के रास्ते देवी मंदिर तक पहुंची। कार्यक्रम में माता पार्वती और भगवान शिव के वाहनों को सजाया गया। बारात की शोभा बढ़ाने के लिए हिसार से प्रसिद्ध झांकी निर्माता सुनील अनिल तिलकधारी को बुलाया गया। साथ ही



ग्वालियर से डमरू, झांझर और खलील धमाल ढोल पार्टी को आमंत्रित किया गया। यह परंपरा पिछले तीन-चार वर्षों से चल रही है। महाकाल भक्त प्रवीण त्यागी और उनके मित्र मंडल की पहल पर शुरू हुई, इस परंपरा ने अब भव्य रूप धारण कर लिया है। पूरे मार्ग पर भक्तों ने जगह-जगह बारात का स्वागत किया। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए। आज शाम 5 बजे के बाद देवी मंदिर पर इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान पूरा सबलगढ़ शिवमय हो गया और भक्तिमय माहौल में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कन्या परिसर में अपराजिता कार्यक्रम जारी



**श्योपुर।** महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान अंतर्गत शासकीय कन्या परिसर ढेगदा में मिडिल स्कूल की छात्राओं के लिए अपराजिता कार्यक्रम अंतर्गत जुडो कराटे तथा आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के तहत मिडिल स्कूल की छात्राओं को आत्म सुरक्षा के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। जिसमें छात्राओं को प्रातकाल में प्रशिक्षक श्री दुर्गेश चौहान द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव से गूंजे शिवालय, बढ़ौरा एवं मौहार शिव मंदिर में लगा भव्य मेला

## तड़के से ही जलाभिषेक करने हेतु उमड़ा भक्तों का सैलाब

**सीधी।** जिले भर में बुधवार को महाशिवरात्रि महापर्व पूरी आस्था के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध शिवालयों में अलसुबह से ही पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। यह क्रम शाम तक अनवरत रूप से चलता रहा। 'योतिषी गणना के अनुसार महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना करने से विशेष फ्ल प्राप्त होते हैं। इसी मंशा के चलते शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अलसुबह से ही उमडऩा शुरू हो गई थी। जिले के प्रसिद्ध बढ़ौरा एवं मौहार नीलकण्ठ मंदिर परिसर में भव्य मेला का आयोजन भी किया गया। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आस्था के साथ जलाभिषेक कर मेला का लुत्फ भी उठाया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ रही थी। जिला मुख्यालय में पूजा पार्क, पडऱा शिवमंदिर में भी भक्तों की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए पहुंची। वहीं रामपुर नैकिन अंचल में रैदुअरिया में भी महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन शिव मंदिर परिसर में किया गया। जहां क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। वहीं बागढ़ दुरासिन मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। जहां दूर.दूर से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि हिन्दुओं के बड़े त्यौहार और व्रतों में से एक माना गया है।





महाशिवरात्रि पर सीधी जिले में बढ़ौरा शिवमंदिर एवं मौहार मदिर में भव्य मेला का आयोजन होने से यहां की व्यवस्थाओं को बनाने में पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष इन्तजाम किये गये थे। बढ़ौरा शिव मंदिर परिसर में महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया था। जिससे महिला श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने में मदद मिल सके। इसी तरह के व्यवस्थाएं मौहार मंदिर में भी देखने को मिली। जिला मुख्यालय स्थित पूजा पार्क एवं समीपी पडऱा शिवमंदिर में भी महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। जिनके द्वारा पूजा अर्चना के साथ ही यहां आयोजित मेला का लुत्फ भी उठाया गया। महाशिवरात्रि को लेकर शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी उत्साह रहा। सुबह से ही लोग स्नान करने के बाद शिव प्रतिमा में जलाभिषेक करने की तैयारी में जुट गए थे। जलाभिषेक का दौर मंदिरों में अपरान्ह तक चला। इस दौरान तक लोगों की काफी भीड़ भी जमा रही।

**मेला क्षेत्रों में रही पुलिस की पैनी नजर :-**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसिद्ध बढ़ौरा शिव मंदिर एवं मौहार स्थित नीलकण्ठ मंदिर परिसर में बड़े मेले का आयोजन किया गया था। मेला क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बढ़ौरा मंदिर परिसर एवं मौहार मंदिर परिसर में काफी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई थी। जिससे महिला श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में सुविधाएं मिल सकें। मेला क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ ही जिले के बड़े अधिकारी भी सतत निगरानी करते रहे। पुलिस की मेला क्षेत्रों में पैनी नजर रहने के कारण अराजक तत्वों की सक्रियता शून्य नजर आई। मेला क्षेत्रों में दुकानों को व्यवस्थित कराने में भी पुलिस बल मुस्तैद नजर आया। पुलिस की सक्रियता के चलते मेला क्षेत्रों में शांति व्यवस्था नजर आई।

# नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध मुहिम के तहत होगी कार्रवाई : डॉ.रविन्द्र वर्मा

## निजी वाहनो में हूटर, सायरन, अनाधिकृत पदनाम का शौक पड़ेगा महँगा

**सीधी।** निजी वाहनो में हूटर, सायरन, लाल नीली एवम रंग बिरंगी बत्ती, मनमाने ढंग से लिखे नम्बर ल्पेट, वाहन का अनाधिकृत स्वारूप परिवर्तन, इसके साथ ही जाति और समुदाय लिखे या फिर अनाधिकृत रूप से पुलिस, प्रेस लिखे पाए जाने पर सीधी पुलिस द्वारा कठोर कदम उठाने की लगभग रणनीति तैयार कर ली गयी है। जल्द ही वृहद रूप से इसका सीधा असर सड़को पर देखने को मिल सकता है। आपको बतादें कि हूटर और सायरन का इस्तेमाल आपातकालीन स्थिती में अधिकृत विभाग के वाहनो द्वारा किया जाता है। लेकिन जिले में इन दिनो मस्तीखोर धड़ल्ले से इसका इस्तेमाल



करते दिख जाते हैं। जबकि लोग टशन के लिए वाहनों पर लगे सायरन और हूटर का प्रयोग करते समय पकड़े जाने पर कड़े दण्ड का विधान निहित है। इसके साथ ही जिले के कुछ राजनीतिक पृष्ठभूमि रखने वाले परिवार के कई वाहनो में अनाधिकृत रूप से पदनाम व सायरन हूटर का प्रयोग आमजनो में चर्चा का विषय बना हुआ है। मोहल्ला एवम बाजार क्षेत्र में तेजी से आती हुई हुटर या सायरन की आवाज़ से आमजन एकदम से चौंकन्ना हो जाते हैं। शहर की सड़कों पर दौड़ते वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न, हूटर और सायरन लोगों के लिए परेशानी बन गए हैं।

**इनका कहना है :-**

जन जागरूकता के आधार पर एवम समय पर उक्त जानकारी पुलिस से साझा करने से अपराध घटित होने से टाला सा सकता है। किसी भी प्रकार के लालच बहकावे में कभी ना आए, बैंक एटीएम एवम अन्य गुप्त जानकारी किसी से साझा न करें। जिससे सायवर अपराध घटित होने से रोंका जाये। इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध मुहिम के तहत कार्रवाई की




जायेगी।


**डॉ.रविन्द्र वर्मा, पुलिस अधीक्षक सीधी**

# खून की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल, करें रक्त दान बनें जीवन रक्षक

फोटो न - 01, 02- बाटम खबर -

**सीधी।** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में इन दिनों रक्त का अभाव चल रहा है। खून की कमी होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के सूचना पटल में 25 फरवरी 25 सुबह 8.30 पर सूचना जारी की गयी कि सभी ग्रुपों को मिला कर कुल ब्लड का स्टाक जीरो जीरो है। सीधी जिले में लाखो की जन संख्या के बाद भी जीवन और मौत के बीच लड़ रहे मरीज को बचाने के लिये एक यूनिट ब्लड न मिले तो निश्चित तौर पर यह बेहद शर्मनाक घटना मानी जायेगी। जिला अस्पताल कैंपस में संचालित जिला ब्लड बैंक इन दिनो खून की भारी कमी से गुजर रहा है। जबकि अभियान के तहत समय समय पर जिले के समाजसेवी, संगठन, कंपनी व अधिकारी कर्मचारी रक्त दान करते रहते हैं, उसके बाद भी रक्त की कमी होना अब आम बात हो चली है। इलाज के दौरान मरीज को खून की कमी होने पर मरीज के परिजन ब्लड बैंक का ही दरवाजा खटखटाते है, लेकिन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक इन दिनों पूरी तरह खाली चल रहा है। सभी सुविधाओं से संपन्न जिला अस्पताल में इन दिनों खून का टोटा चल है। ऐसे में खून की आस में आने वालों को निराशा हाथ लग रही है। अस्पताल के आकडों के अनुसार इस समय ब्लड बैंक में किसी भी ग्रुप का कोई भी खून ब्लड बैंक में नही है।






### रक्त दान से लेने व देने वाले को मिलता है लाभ - डॉ.अमन सिंह

डॉ.अमन सिंह चंदेल प्रभारी ब्लड बैंक जिला अस्पताल सीधी ने चर्चा के दौरान बताया कि जिले में जागरूकता का अभाव देखने को मिलता है, जिसके चलते ब्लड बैंक खून की कमी के दौर से गुजर रहा है। गंभीर से गंभीर बीमारी से जूझ रहें मरीज के रक्त की कमी पूरी करने के लिये रक्त दान की बात सुनते ही मरीज के परिजन 'यादातर यू टर्न ले लेते हैं। उनका हर संभव प्रयास रहता है कि किसी भी तरह बिना रक्त दान किये ही उनके मरीज को ब्लड बैंक से रक्त मिल जाये। डॉ.अमन ने आगे बताया कि रक्तदान से सिर्फ रक्त लेने वाला मरीज ही नहीं, बल्कि रक्तदाता भी लाभान्वित होता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से शरीर में आयरन की अधिकता कम हो सकती है, हृदय रोग का खतरा घट सकता है और वजन प्रबंधन में भी सहायक हो सकता है। रक्तदान से रक्त में आयरन का स्तर संतुलित रहता है, जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम हो सकता है। रक्तदान करके आप न केवल दूसरों की मदद करते हैं बल्कि अपने हृदय को भी मजबूत बनाते हैं। इसके अलावा रक्तदान से पहले एक त्वरित स्वास्थ्य जांच होती है, जिसमें रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर और पूरे स्वास्थ्य की जांच शामिल होती है। यह एक नि:शुल्क मिनी हेल्थ चेकअप की तरह है, जो आपके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में अहम जानकारी देता है।

# प्रथम प्रयास में अमोघ ने उत्तीर्ण की नेट जीआरएफ परीक्षा

**सीधी।** सिद्ध भूमि सीधी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। एक ऐसी ही प्रतिभा का नाम है अमोघ प्रकाश गुप्ता। प्रतिभा के धनी एवं मेहनती अमोघ गांधी चौक सीधी निवासी स्वर्गीय भोला दास एडवोकेट एवं गुलाब देवी के नाती हैं। अमोघ प्रोफेसर अमर प्रकाश गुप्ता एवं श्रीमती मधु गुप्ता की होनहार संतान हैं। इन्होंने एम ए अंग्रेजी में वर्ष 2024 में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से 81प्रतिशत अंकों के साथ सफ्लता प्राप्त की और प्रथम प्रयास में ही इन्होंने नेट जीआरएफ एवं असिस्टेंट




प्रोफेसर की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनका अंतर्मुखी स्वभाव और कठिन मेहनत उनकी सफ्लता की प्रमुख पूंजी रही है। पढ़ना इनका स्वभाव है। अमोघ प्रकाश गुप्ता अंग्रेजी साहित्य में निहिलिस्म से जुड़े सवाल के ऊपर शोध करना चाहते हैं। अंग्रेजी का प्राध्यापक बनकर अपनी प्रतिभा का परिष्कार एवं देश सेवा करना उनकी इ'छा है। ब'चों की सफ्लता में माता.पिता एवं गुरुओं का योगदान होता है। इसके लिए वे माता.पिता के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए अपने को ऋणी मानते हैं साथ ही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के अंग्रेजी के प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह से प्राप्त मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है साथ ही कामना व्यक्त की है कि ऐसे गुरु का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहे। अमोघ प्रकाश गुप्ता की यह सफ्लता प्रतिस्पर्धी परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा बन सकती है। सफ्लता पर माता.पिता, चाचा अभय प्रकाश गुप्ता आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी साथ ही प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. पी.के. सिंह, प्रो. के.यस. नेताम, प्रो.रविंद्र बहादुर सिंह, प्रो.प्रभाकर सिंह, प्रो. विनोद कुमार प्रजापति, प्रो.अंकिता सोनी, डॉ.अर्चना सिंह, प्रो. उमाकांत साहू, डॉ सिद्धार्थ वर्मा, प्रो. उमेश विश्वकर्मा, डॉ श्रीमती अरुणा ठाकुर, प्रो राम सुरेश भारती आदि प्राध्यापकों एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं शुभ चिन्तकों ने अमोघ प्रकाश गुप्ता की इस शानदार सफ्लता पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।



# महाशिवरात्रि पर्व पर ढोल ढमाके से निकली शिव की बारात

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**रायसेन।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में जय भोले समिति रायसेन द्वारा मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव से डीजे और गाजेबाजों के बीच भगवान शिव की बारात निकाली गई। भगवान शिव की बारात में शामिल भूत पिशाच चुड़ैल जमकर नाचे झूमे । शिव बारात का जगह-जगह शिव भक्तों ने फूल बरसा कर किया जोरदार स्वागत। बुधवार को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे शहर के सागर भोपाल स्टेट हाइवे पाटनदेव स्थित सिद्ध मारुति नन्दन मन्दिर से डीजों ढोलनगाड़ों के साथ देवाधिदेव भगवान शिव की बारात शुरू हुई ।जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चोपड़ा मोहल्ला पहुंची ।यह किला पहाड़ी मार्ग से होती हुई रायसेन किले स्थित भगवान सोमेश्वर धाम के दरबार पहुंची ।शिव बारात में देवाधि देव हर हर महादेव... भोले शंभू भोलेनाथ के जयकारों से शहर की गलियां गूंज उठी ।शिव बारात में शामिल आयोजक व श्री हिउस के कार्यकारी अध्यक्ष रवि खत्री का धर्मप्रेमी ने फूलमाला पहनाकर किया स्वागत।

**शिव बारात में यह रहे आकर्षण का केंद्र :-**

शिव बारात में आगे आगे करीब 20 फ़ीट का त्रिशूल, घोड़े पर सवार होकर निकले भगवान सदाशिव पार्वती, नंदी बैल पर सवार भोलेनाथ, शिव बारात में शामिल चुड़ैल, भूत पिशाचों का नृत्य, डीजे ,बैंड ,हाथी ,घोड़े सहित बैंडबाजे और हजारों शिव भक्त नाचते झूमते हुए शामिल। शाही पालकी में सवार रायसेन ऐतिहासिक किले के राजा भगवान सोमेश्वर महादेव भक्तों का हालचाल जानने निकले ।महाकाल बाबा उज्जैन की तर्ज पर शाही सवारी एक मनमोहक पालकी में भगवान सोमेश्वर महादेव की प्रतिमा को विराजित कर पालकी को भक्तों द्वारा अपने कंधों पर रखकर निकाला ।शाही पालकी का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगहश्रद्धा आस्था के फूल बरसाकर किया स्वागत।

# आज भी आए थाने से महाकाल

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होते हुए भी आज भी थाने से महाकाल जी को पूजन के लिए पुराने थाने के पास पहुंचना पड़ता है इसी तरह से रायसेन किले पर विराजित महाकाल के दरवाजे यदा कदा खुलते हैं। बहुत बड़ी-बड़ी बातें होती हैं लेकिन जो हकीकत है वह छुपाई नहीं जा सकती है यह कड़वा सच है धर्म के साथ राजनीति आज भी हो रही है। जलेश्वर महादेव की पूजन आरती कर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने लिया धर्म लाभ,, रायसेन जिले के सिलवानी तहसील अंतर्गत आने वाले बमोरी कस्बा में पुराना थाना स्थित रेस्ट हाउस परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जलेश्वर महादेव प्रतिमा को नए थाने से ढोल नगाड़ों के बीच प्रशासनिक अमले के साथ हर्षोल्लासपूर्वक पुराना थाना स्थित रेस्ट हाउस परिसर लाया गया जहां बड़ी संख्या में एकत्रित श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान जलेश्वर महादेव का पूजन आरती का अभिषेक अनुष्ठान किए गए प्रतिवर्ष अनुसार जलेश्वर महादेव को नए थाने से पुराना थाना स्थित रेस्ट हाउस परिसर महाशिवरात्रि के अवसर पर लाया जाता है जहां दिन भर भजन पूजन शिवार्चन अनुष्ठान किए जाते हैं शाम को भगवान जलेश्वर महादेव को पूजन आरती करने के पश्चात नए थाने में जाकर पुनः विराजमान कर दिया जाता है इसी क्रम में आज भी महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान जलेश्वर महादेव को नए थाने से पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुराना थाना स्थित रेस्ट हाउस परिसर लाया गया जहां मंत्र उपचार के बीच पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अनुष्ठान भजन पूजन आरती के कार्यक्रम किए गए पूरे दिन भर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान जलेश्वर महादेव की पूजन आरती करने का सिलसिला देखा गया इसी क्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने भी जलेश्वर महादेव का वेद मेट्रो के साथ पूजन आरती कर धर्म लाभ लिया इस अवसर पर एसडीएम एसडीओपी थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

## जैन ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा

**सनावद।** लायंस क्लब की जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में इनपुन भोगांवा रोड पर यात्रियों को भगवान शिव के प्रसाद के रूप में प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया। जैन ने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं और देश की सुख,शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान नवागत थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर,समाजसेवी भागचंद जैन और विश्व हिंदू परिषद के जितेंद्र राठौर उपस्थित थे।

# नगर में महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा





**सनावद।** नगर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने व्रत धारण कर शिव मंदिरों में भगवान आशुतोष का सामूहिक पूजन अर्चन किया। शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की स्तुति में भजन के स्वर सुनाई देते रहे। इस अवसर पर भगवान शिव का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। पूरा नगर भगवान शिव की आराधना में सराबोर दिखाई दिया। कंचन बाग स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ध्यान केंद्र में विधायक सचिन बिरला ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और ध्यान केंद्र के विस्तार के लिए पांच लाख रु प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने ध्यान केंद्र पर शिव ध्वज फहराया तथा राष्ट्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ध्यान केंद्र के धार्मिक एवं रचनात्मक सामाजिक गतिविधियों की सराहना की और उपस्थित भक्तों को धर्म के मार्ग पर अग्रसर होकर गरीबों की सहायता करने का आव्हान किया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने कहा कि कलयुग की घोर अंधियारी रात्रि में निराकार परमात्मा भगवान शिव ने अवतरित होकर सत्य,ज्ञान एवं राजयोग के द्वारा काम, क्रोध, लोभ, मोहएवं अहंकार रूपी विकारों को नष्ट करने का ज्ञान दिया है। नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला ने समीपस्थ नर्मदा तट मोरटक्का में इक्यावन हजार पार्थिव शिवलिंग तथा पुण्य सलिला मां नर्मदा का विधि विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की। नपाध्यक्ष ने नर्मदा तट पर मौजूद शिव भक्तों को साबूदाने की खिचड़ी का वितरण किया।

# बड़े ही उत्साह से मनाई गयी 89वी शिव जयंती

देनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा निवाड़ी प्रभु अर्पण भवन में शिव रात्रि के पर्व पर छाया उत्साह बड़े ही धूम धाम से मनाया गया शिव रात्रि का त्योहार शिव रात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए निवाड़ी केंद्र प्रभारी बी के रचना दीदी ने कहा कि जब चारों ओर अज्ञानता , भृष्टाचार, पापाचार, दुःख आशांति कलह,फैला होता है। तब परम पिता शिव परमात्मा आकर ज्ञान का प्रकाश देकर अज्ञानता को खत्म कर सुख शांति का मार्ग बताते है एवम जीवन जीने की कला सिखाते है इसलिए उनके जन्म दिन के रूप मे शिव रात्रि मनाते हैं। शिव भोलेनाथ पर काया प्रवेश कर श्रष्टि का परिवर्तन करते हैं भारत को स्वर्णिम भारत बनाते है। वो हमसे बैर भावना का त्याग कराते हैं इसलिए हम उन्हे बेर चड़ाते है। वो हमसे कतीला जहरीला जीवन मांगते है। तो हम स्थूल मे धतूरा चड़ाते है। वास्तव मे हमे अपने अवगुणों का व्रत रखना चाहिए लेकिन हम खाली पेट व्रत रहते व्रत माना ही वृत्तियों का परिवर्तन करना। उन्होंने इस शिव जयंती पर बुराईयों का व्रत रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु स्मृति से की गयी । ब्रह्मा कुमारी बहनो एवम आश्रम से जुड़े भाई बहनो द्वारा शिव ध्वज फैहरा कर शिव भोलेनाथ का जन्म दिन मनाया गया एवम प्रिसाद बितरित किया गया। कार्यक्रम मे बी के मोहनी दीदी बी के रचना दीदी, हुकुम दाऊ जी, हेमा सिंह, मंजू श्रीवास्तव वैनी माताजी जी मालती यादव, हीरा यादव, चंदन देवी माताजी, भगवती बहिन द्रोपति रैकवा, भगवती रैकवा, ज्योति बहिन, हरकुव माताजी, सहित अनेक भाई बहने उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में कक्ष निर्माण हेतु किया भूमि पूजन

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान



**जोबट।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में नवीन कक्ष निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। स्वर्गीय अजय अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र आकाश अग्रवाल एवं अग्रवाल परिवार की ओर से एक नवीन कक्ष निर्माण करवाने हेतु मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। परिवार के वयोवृद्ध दादा राजमल अग्रवाल द्वारा दान की गई भूमि पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय भवन बना है। विद्यालय में राष्ट्र निर्माण एवं संस्कारों से ओतप्रोत शिक्षा हेतु भैया बहन शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भी पारंगत होते हैं। यह आवासीय विद्यालय भी है। अतः समय-समय पर समाज द्वारा इस विद्यालय में सहयोग किया जाता रहा है। अग्रवाल परिवार द्वारा भूमि दान के साथ कक्ष का निर्माण करवाना सराहनीय कार्य है। सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में दानदाता आकाश अग्रवाल ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण करने का संकल्प लिया और मंगलवार को उनके द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस शुभ अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, विद्या भारती मालवा जनजाति शिक्षा के प्रान्त संयोजक माखन आंजना, धार विभाग के विभाग समन्वयक अंबिकादत्त कुण्डल, संस्था अध्यक्ष आशीष सोनी, व्यवस्थापक राजेंद्र कोदे, वरिष्ट सदस्य राजेंद्र टवली, समाजसेवी दीपक छुगानी, प्रधानाचार्य विनोद माली व आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

# भेरूंदा (नसरूलागंज) गोपालपुर पुलिस ने कंपनी की निर्माण साईड से लोहे का निर्माण मटेरियल चोरी करने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार

केसरिया हिन्दुस्तान, दिनेश चौरसिया




घटना क्रमाक- कंपनी की सुरक्षा इंतजाम का टेंडर ले रखी कंपनी कृतिका सिक्योरिटी प्रायवेट लिमीटेड के के ब्रांच मैनेजर पंकज कुमार दुबे ने थाने पर लिखित आवेदन दिया कि रूञ्ज कंपनी की पंप हाउस निर्माण साईड डोंगलापानी से किसी अज्ञात बदमाश द्वारा लोहे का निर्माण मेटेरियल सरिया, प्लेट व गाडर चोरी कर ले गया है। पुलिस द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरुध्द चोरी का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपुर के मार्ग दर्शन में एवं थाना प्रभारी निरी. महेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में गोपालपुर पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर मुखबिर सूचना पर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त पाँच आरोपीयो को गिरफ्तार कर आरोपीयो के कब्जे चोरी गया मशरुका 10 नग लोहे की गाडर के टुकडे, 02 नग लोहे की गोल प्लेट के टुकडे व दो मोटर सायकल व नगदी 9650/- रुपये जप्त किये गये। सहरानीय योगदान थाना प्रभारी गोपालपुर निरी. महेन्द्र सिंह गौड़ व टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

# महाशिवरात्रि पर नवनिर्मित कूपेश्वर महादेव मंदिर में विराजे भोलेनाथ, हुई कलश स्थापना

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा



**इमझिरा।** समीपी ग्राम खैरूआ में ग्रामीणों के सहयोग से प्राचीन निर्मित कुएं के ऊपर देव आदि देव महादेव का एक भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ, जिस पर महाशिवरात्रि के पावन पर भगवान शिव शंकर की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के ऊपर कलश स्थापना की गई, भगवान शिव शंकर की स्थापना के पूर्व ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ भगवान की शोभायात्रा ग्राम के सभी प्रमुख मार्गों पर निकली गई। शोभा यात्रा के उपरांत आचार्य श्री ओमप्रकाश शास्त्री, रूपराम पुरोहित, भोलेशंकर कन्हौआ, सुरेश कुमार पुरोहित, के द्वारा मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कर महा रुद्राभिषेक कराया गया। इसके पूर्व ज्ञात हो कि गांव के बीचो-बीच एक प्राचीन कुआं था, जिस कुएं से प्राचीन समय में सभी ग्रामीणों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था हुआ करती थी परंतु रखरखाव और उचित देखभाल न होने के कारण अस्तित्व खत्म होने लगा और इसमें जल आपूर्ति होना बंद हो गई। फिर ग्राम वासियों की सहायता से कुएं के ऊपर लेटर डालकर उसको बैठने के लिए बना दिया गया, परंतु ग्राम के कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के द्वारा इस चबूतरे पर भगवान शिवशंकर की स्थापना एवं भव्य मंदिर के लिए ग्रामीणों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, और सभी ने एक मत होकर इस मंदिर के निर्माण में अपना भरपूर सहयोग और मेहनत देकर इस मंदिर का निर्माण करा कर महाशिवरात्रि के पावन पर पर देवादिदेव महादेव की स्थापना की। हमारे प्रतिनिधि को ग्राम के प्रतिष्ठ नागरिक और इस मंदिर के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अजय पटेल ने बताया कि आगामी समय में सभी ग्राम वासियों की सहयोग से इस मंदिर के चारों तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा एवं मंदिर के आसपास जो निर्माणाधीन जगह पड़ी है उसका भी सदुपयोग मंदिर के लिए किया जाएगा, समाचार लिखे जाने तक शिवरात्रि के पावन पर पर सभी शिव मंदिर एवं धार्मिक स्थानों पर देर रात्रि तक भजन कीर्तन संकीर्तन के कार्यक्रम निरंतर चलते रहे। कार्यक्रम में ग्राम से दीवान बसंतराज सिंह, दीवान अर्जुन सिंह, दीवान इंद्रजीत सिंह, अखिलेश गुबरेले, राजेश पंडा, अजय कुमार पटेल, मुलायम पटेल, नन्हे वीर पटेल, शिव प्रसाद पटेल, सीताराम पटेल, कमलेश कुआंवाले, कलू पटेल, कालूराम छिरा, यशवंत खेरोनिया, धनराज पटेल, धीरालाल सेन, आदि सभी ग्राम वासियों के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ।

# ज्ञानचक्षु (तीसरी आँख) से शिव का लोक सीधा दिखाई पड़ता है, इसीलिए इसे शिवनेत्र कहते हैं - बाबा उमाकान्त जी महाराज

## जैसे बाहरी आँखों से मोतियाबिन्द हटाने पर साफ दिखाई देता है, वैसे ही अंदर की आँख से कर्मों का पर्दा हटने पर उपरी लोक दिखाई पड़ते हैं



उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि शरीर में जो दो आँख हैं उनको चर्मचक्षु कहते हैं और एक आँख अंदर में है, (जीवात्मा में) उसको ज्ञानचक्षु (थर्ड आई, रूहानी आँख) कहते हैं। ज्ञानचक्षु की जो लिमिट है, बहुत दूर तक है। इसी दुनिया में बैठे-बैठे जो हजारों, लाखों योजन ऊपर में लोक हैं, उससे उन सब को देखा जा सकता है। उसी आँख से शिव का लोक सीधा दिखाई पड़ता है और इसीलिए ज्ञानचक्षु को लोगों ने शिवनेत्र कहा। शिवजी के द्वारा ही ये सभी जीवात्माएं इधर फैली हैं और जो जीवात्माओं की धाराएं उतरी हैं, उन्हीं को लोगों ने कहा कि यह गंगा की धाराएं हैं। अब जिस तरह शरीर में दो आँख और जीवात्मा में एक आँख है, उसी तरह शरीर में दो कान जिसे चर्मकर्ण कहा गया और अंदर जीवात्मा में एक कान है, जिसे दिव्य कान कहा गया। इसी कान से अनहद वेद वाणी, आकाशवाणी सुनाई पड़ती है।

**अंदर की आँख से कुछ दिखाई क्यों नहीं पड़ रहा है? :-**

वह प्रभु घट में ही है लेकिन दिखाई नहीं पड़ रहा है। घट किसे कहते हैं? अंदर के अंतरात्मा को कहते हैं। उस घट को आप देख नहीं सकते हो। बाहर की चीजों को इन आंखों से देख सकते हो लेकिन अंदर में क्या है? उसको बाहरी आंखों से नहीं देख सकते हो। तो ना दिखाई पड़ने का कारण क्या है? कारण है अंदर की आँख के सामने जो जान अनजान में बुरे कर्म बन गए हैं, उसका पर्दा लगा हुआ है। गोस्वामी जी महाराज ने कहा है घट में है सूझत नहीं लानत ऐसी जिंद, स्वामी या संसार को भयो मोतियाबिंद। तो मोतियाबिंद को तो जानते ही हो आप लोग, जब हो जाता है तो कुछ दिखाई नहीं पड़ता है।

**कर्मों का पर्दा कैसे हटेगा? :-**

जिस तरह जब मोतियाबिंद हो जाता है तब कहते हो कि चलें भाई डॉक्टर को दिखावे। डॉक्टर ने कहा मोतियाबिंद है इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा, आंख की सफाई करनी पड़ेगी, ये जाला हटाना पड़ेगा, तब दिखाई पड़ेगा। तो डॉक्टर उसको हटा देता है साफ कर देता है, ऑपरेशन कर देता है और तब दिखाई पड़ने लगता है। इसी तरह से अगर कोई सदगुरु वैद्य (वक्त गुरु) मिल जाए, जानकार मिल जाए और अंदर की आंख के सामने जो जान अनजान में बुरे कर्म बन गए उसका पर्दा लगा हुआ है उसको अगर हटा दे तो इसी घट में प्रभु का दर्शन होने लग जाए। जब गुरु मिल जाते हैं तो गुरु के आदेश का पालन किया जाता है और गुरु फिर अपने आदेश से क्या कराते हैं? कर्मों को जलवाते है, कर्मों को कटवाते हैं, उनको तरीका मालूम होता है। यह शरीर से कर्म बन गए उसको शरीर की सेवा से कटवाते हैं; खत्म करा देते हैं और जो वह खुद से नहीं काट पाता है गुरु उसको अपने ऊपर लेकर के और उनके कर्मों को जलाते हैं।

**बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव :-**

किसी भी बीमारी, दुःख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए *जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव* की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

# महाशिवरात्रि पर अंतिम महास्नान, दो बजे तक 1.18 करोड़ ने किया स्नान



**प्रयागराज।** प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि सच कहूं तो मैं वापस नहीं जाना चाहता हूं। हमने संगम पर सनातन के एक साथ आने की एक झलक देखी। मैं यहां आए सभी लोगों को नमन करता हूं- कैसी भक्ति! कैसी आस्था!... मैं सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा की गई कड़ी मेहनत की भी सराहना करता हूं। तमाम राजनीति और नकारात्मकता के बावजूद 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। लोग अभी भी आ रहे हैं। मैं अपनी पूरी टीम के साथ संगम की सफाई में मदद करने के लिए दो दिन और रुकूगा। हम अपनी नदियों और जलधाराओं की सफाई सुनिश्चित करने और पर्यावरण की स्वच्छता सुनिश्चित करने का संदेश देंगे। प्रयागराज के बाद दिल्ली भी सज गई है। अब समय आ गया है कि हम यमुना में डुबकी लगाएं। सबने की तैयारी है, अब यमुना की बारी है। महाकुंभ 2025 का हिस्सा बनने के लिए त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से शुरू हुआ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज संपन्न हो रहा है। प्रयागराज के एडिशनल एसपी श्वेताभ पांडे ने कहा कि आज महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व है। पुलिस द्वारा नावों पर गश्त की जा रही है। जिन लोगों ने नावों पर बेल्ट नहीं लगाई है, उन्हें सतर्क किया जा रहा है। अगर कोई नाव अवैध रूप से चल रही है, तो उसे पकड़ा जा रहा है। मोटरबोट और किसी भी तरह की इंजन से चलने वाली नावों का संचालन आज नहीं किया जा रहा है। आज नियमित नावें चल रही हैं। नौ गश्ती दल ड्यूटी पर हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। कल रात से गश्त शुरू हुई। व्यापक गश्त की जा रही है। यह तब तक जारी रहेगी, जब तक यहां भीड़ नहीं छंट जाती। महाकुंभ मेले के आज समापन पर उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पूरे राज्य में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। आज महाकुंभ का आखिरी दिन है और महाकुंभ के 45 दिनों में प्रयागराज में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हमने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीकों का एक अभूतपूर्व मॉडल पेश किया है। हमने भीड़ प्रबंधन और निगरानी के लिए विश्व स्तरीय तकनीकों और एआई का इस्तेमाल किया। सभी एजेंसियों से मिले सहयोग ने हमें अभूतपूर्व तरीके से प्रदर्शन करने में मदद की। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थलों पर प्रयागराज के दर्शन करने के बाद पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। महाकुंभ बिना किसी बड़ी त्रासदी के संपन्न हो गया। हमने रेलवे के साथ मिलकर काम किया। लोगों ने स्नान के दिनों में 5 लाख और अन्य दिनों में 3-4 लाख लोगों ने रेलवे सेवाओं का उपयोग किया। हमें पूरा विश्वास था और जैसा कि मैंने पहले कहा, यह हमारे लिए चुनौती नहीं बल्कि अवसर है। हमारे कर्मियों ने 45 दिनों तक जमीन पर काम किया और उससे पहले दो महीने तक प्रशिक्षण लिया। हमने कई उदाहरण पेश किए जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। हमारी सुरक्षा व्यवस्था कुछ और दिनों तक बनी रहेगी जब तक कि हम अपने सभी उपकरण नष्ट नहीं कर देते। व्यक्तिगत रूप से, यह गर्व की बात है और एक अविस्मरणीय अनुभव है।

महाकुम्भ के अंतिम पावन स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भनगर पहुंचने लगे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था अपने शिखर पर नजर आई, जिसके फलस्वरूप दोपहर 12 बजे तक पवित्र संगम में एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसागर के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश प्रसारित किए जाने लगे। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर सजगता बरतते हुए प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं के सुगम स्नान का मार्ग प्रशस्त किया। आज महाशिवरात्रि के मौके पर प्रयागराज में दोपहर 12 बजे तक 1.01 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है।

## काशी में बैंड बाजे के साथ साधु-संतों ने इस अंदाज में निकाली पेशवाई, विश्वनाथ धाम में दिखा ये नजारा



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में अखाड़ों की पेशवाई के दौरान हर-हर महादेव का उद्घोष होता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिव्य और भव्य नजारे का दर्शन किया। घाटों से निकले अखाड़े गोदौलिया पर मिले। इसके बाद विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यह पहला मौका था, जब नागा साधु-संन्यासियों ने काशी विश्वनाथ धाम में गेट नंबर चार यानी ज्ञानवापी मार्ग से प्रवेश किया। हर-हर महादेव का जयकारा लगाते हुए नागा संन्यासियों की टोली विश्वनाथ धाम में पहुंची। बता दें कि इससे पहले नागा संन्यासियों को ढुंढिराज गणेश मार्ग से मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था। नागा संन्यासियों ने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान महाकुंभ की पूर्णाहुति की गई। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी पांच अखाड़ों ने महादेव की पूजा-अर्चना की और महाकुंभ की पूर्णाहुति के लिए अभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर अस्सी से दशाश्वमेध घाट तक हर ओर शंख, घंटा घड़ियाल और हर- हर महादेव की गूंज सुनाई देती रही। केदारेश्वर महादेव मंदिर में जाने वाली केदारघाट की सीढियां पूरी तरह से भर गईं।

### कांवड़ लाकर किया जलाभिषेक, फिर मौत को लगाया गले

**अलीगढ़।** जलाभिषेक करने के बाद प्रदीप अपने घर पहुंचा। घर पर प्रदीप की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद प्रदीप पत्नी की साड़ी वहां से उठा ले गया और थाना छर्रा के गांव बांई खुर्द स्थित बाग में पहुंचा। बाग में प्रदीप ने साड़ी से पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। महाशिवरात्रि पर सांकरा गंगा घाट से जल लाकर प्रदीप ने मंदिर में महादेव का जलाभिषेक किया। घर पहुंचा तो पत्नी से झगड़ा हो गया। पत्नी की साड़ी ली और बाग में जाकर पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगढ़ में बरला थाना अंतर्गत गांव मूढैल निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पुत्र रामप्रकाश 25 फरवरी की रात को गांव वालों के साथ कांवड़ भरने सांकरा गंगा घाट गया।

## प्रभु श्रीराम के आराध्य भोलेशंकर के महापर्व पर अयोध्या में उमड़ी भीड़



**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान भोलेशंकर के महापर्व शिवरात्रि पर आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या उमड़ी। कुबेर टीला स्थित शिव मन्दिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं अभिषेक तथा पूजा अर्चना की गई। तीर्थ क्षेत्र न्यास ने प्रशासन के साथ मिलकर पूर्व आकलन के आधार पर पहले से ही समस्त तैयारी कर रखी थी इसलिए भीड़ प्रबंधन में कोई समस्या नहीं आई। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र एवं विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी व मन्दिर के व्यवस्था प्रभारी गोपालजी ने दर्शन की व्यवस्था बनाने में दिन रात एक कर रखा था इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं आई। महाकुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं की भारी संख्या इस समय अयोध्याधाम में है। इसके अलावा स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मन्दिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मन्दिरों में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची है।

## आईआईटी बीएचयू देश पहला तकनीकी संस्थान



**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में अब पीएचडी थीसिस का सारांश (एब्सट्रैक्ट) हिंदी में भी प्रस्तुत किया जा सकेगा। ऐसी व्यवस्था लाने वाला आईआईटी बीएचयू का देश पहला तकनीकी संस्थान बन गया है। छात्रों को विकल्प दिया गया है कि वे चाहें तो हिंदी या इंग्लिश दोनों में से किसी भी भाषा में अपने शोध का सारांश प्रस्तुत कर सकते हैं। ये व्यवस्था इसी सत्र से लागू हो गई है। आईआईटी बीएचयू के कई विभागों के पीएचडी धारकों ने हिंदी में शोध सार लिखने में रुचि दिखाई है। इंजीनियरिंग और तकनीक की भाषा इंग्लिश ही होती है, ये अनिवार्यता अब नहीं होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इंग्लिश के साथ हिंदी में भी किसी रिसर्च का सार प्रस्तुत करने की बात कही गई है। ऐसे में आईआईटी बीएचयू ने देश में इसकी पहल की है। वहीं, आईआईटी बीएचयू एकमात्र ऐसा संस्थान भी है जहां पर कार्यालय का 80 फीसदी काम हिंदी में किया जा रहा है। सितंबर 2024 में आईआईटी बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. अमित पात्रा के निर्देशन में हुई सीनेट की बैठक में राजभाषा प्रकोष्ठ के इस प्रस्ताव को पारित किया गया था। सभी सदस्यों ने इस पर पूर्ण सहमति जताई और अब विभागों को भी सर्कुलर जारी कर दिया गया है। पत्र में इसका उल्लेख किया गया है कि जो छात्र हिंदी में सारांश लिखने के इच्छुक हों, वे आगे आ सकते हैं।

यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार

## दो से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी, ब्राह्मण हो सकता है अगला पार्टी अध्यक्ष



**लखनऊ।** यूपी में अगले आठ से 10 दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरे भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है। भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची जारी होने में जो भी बिंदु सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं और आगे भी इसका ख्याल रखा जाएगा।

## विधानसभा अध्यक्ष के अपमान पर भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का फूंका पुतला, माफी मांगने की चेतावनी दी



**अजमेर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और अन्य विधायकों द्वारा विधानसभा में स्पीकर वासुदेव देवनानी के अपमान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोविंद सिंह डोटासरा का पुतला जलाया। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से माफी नहीं मांगी तो आंदोलन किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर की गई टिप्पणी को लेकर अजमेर शहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने डोटासरा से सार्वजनिक रूप से विधानसभा अध्यक्ष से माफी मांगने की चेतावनी दी है। माफी नहीं मांगने पर प्रदेश भर में आंदोलन की किया जाएगा। भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि बीते तीन दिनों से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित 6 विधायकों द्वारा सदन को बाधित किया जा रहा है। विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का अपमान किया गया है। आसन के लिए किया गया अमर्यादित भाषा का प्रयोग निश्चित रूप से यह दर्शाता है कि वे परिपक्व नेता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से डोटासरा को इसका जवाब मिलेगा। कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है। उन्हें सिर्फ विधानसभा में हंगामा ही करना है। आसन के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर आज पुतला जलाया है लेकिन यदि डोटासरा ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन किया जाएगा। डिप्टी मेयर नीरज जैन ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते जो सम्मान विधानसभा अध्यक्ष को देना चाहिए, वह उन्होंने नहीं दिया। विधानसभा अध्यक्ष के लिए जिन शब्दों का प्रयोग उन्होंने किया वह निंदनीय है।

### 5 ब्रेन सर्जरी के बाद सब कुछ भूलीं

**जयपुर।** फोटोग्राफर और फिल्ममेकर पद्मजा की पुस्तक 'मैं कोई और' का रविवार को जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन में लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक उन्होंने डायरी फार्मेट में लिखी है, जिसमें उनके जीवन का वास्तविक घटनाक्रम दिया गया है। यह पुस्तक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सात वर्ष पहले पद्मजा के ब्रेन के पांच ऑपरेशन हुए थे और वे चलना, बोलना, खाना, पढ़ना भूल गई थीं। जवाहर कला केंद्र में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. सुशील सी. तापड़िया मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु पंड्या ने किया। पद्मजा लंबे समय से बच्चों के लिए थियेटर, लिखना और ब्लाइंड बच्चों के लिए फोटोग्राफी करती रही हैं।

## कोटा रेंज आईजी ने 3 सब इंस्पेक्टरों को किया बर्खास्त, फर्जी तरीके से पास की थी एसआई भर्ती परीक्षा



**कोटा।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 में हुई गड़बड़ी और पेपर लीक प्रकरण में दोषियों पर बड़ा एक्शन शुरू हो गया है। मामले में पांच सब इंस्पेक्टर बर्खास्त किए गए हैं, जिनमें से तीन पर कोटा रेंज के आईजी ने करते हुए उन्हें बर्खास्त किया है। अब तक कोटा आईजी ऑफिस से कुल 7 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर बर्खास्त किए जा चुके हैं। वहीं दो एसआई पर बीकानेर रेंज के आईजी ने कार्रवाई की है। बर्खास्त किए गए एसआई को बीकानेर और कोटा रेंज में पोस्टिंग मिली हुई थी। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 में हुई गड़बड़ी और पेपर लीक प्रकरण में दोषियों पर बड़ा एक्शन शुरू हो गया है। मामले में पांच सब इंस्पेक्टर बर्खास्त किए गए हैं। इनमें से तीन पर कोटा रेंज के आईजी ने कार्यवाही करते हुए उनको बर्खास्त किया है। अब तक कोटा आईजी ऑफिस से कुल 7 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर बर्खास्त किए जा चुके हैं। वही दो एसआई पर बीकानेर रेंज के आईजी ने कार्रवाई की है। बर्खास्त किए गए एसआई को बीकानेर और कोटा रेंज में पोस्टिंग मिली हुई थी। कोटा रेंज के आईजी रवि दत्त गॉड ने एसआई चेतन सिंह मीणा, रेणु कुमारी और मालाराम बिश्नोई को बर्खास्त किया है। इनमें चेतन सिंह मीणा अभी जेल में है। चेतन ने डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास किया था। वही रेणु कुमारी और मालाराम बिश्नोई जमानत पर बाहर है। इन दोनों ने फर्जी तरीके से एग्जाम को पास किया था। सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया था। मामले में एसओजी ने जांच की थी। जिसमें कई डमी कैंडिडेट द्वारा परीक्षा देने की बात सामने आई थी। इसके बाद यह भी सामने आया कि फर्जीवाड़ा करके कई अभ्यर्थियों ने नौकरी हासिल कर ली है।

## अभ्यर्थियों के लिए विशेष इंतजाम, प्रदेश में 5 दिन तक फ्री रोडवेज बस यात्रा और 5 स्पेशल ट्रेनें



**जयपुर।** 27 और 28 फरवरी को पूरे प्रदेश के 1700 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर रीट परीक्षा 2025 होने जा रही है। इस परीक्षा में 14 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रदेशभर में इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा के आयोजन को देखते हुए राज्य सरकार और रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं।

राजस्थान सरकार ने परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 दिन तक रोडवेज बसों में फ्री यात्रा की सुविधा दी है। यह सुविधा 26 फरवरी से 2 मार्च तक उपलब्ध रहेगी। मतलब परीक्षार्थी परीक्षा से दो दिन पहले, परीक्षा के दिन और परीक्षा के बाद के दिन तक राजस्थान रोडवेज बसों में मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी अभ्यर्थी को आने-जाने में कठिनाई न हो और वे समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच सकें। पिछले महीने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की थी कि परीक्षा से पहले और बाद में अभ्यर्थियों के लिए फ्री बस सेवा दी जाएगी, ताकि उन्हें यात्रा में कोई असुविधा न हो। बस सेवा के साथ-साथ रेलवे ने भी अभ्यर्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए 5 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इन विशेष ट्रेनों से न केवल परीक्षार्थियों को यात्रा में सुविधा होगी, बल्कि उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। रेलवे ने परीक्षार्थियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर स्टेशन पहुंचें और यात्रा के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें।

जोधपुर से ग्वालियर और ढेहर का बालाजी के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जो 25 फरवरी की रात को जोधपुर से रवाना होगी और 26 फरवरी को ग्वालियर से वापसी करेगी। इसी तरह ढेहर का बालाजी से ग्वालियर के बीच 27 फरवरी की रात को ट्रेन चलेगी और 28 फरवरी को सुबह ग्वालियर से वापसी होगी। श्रीगंगानगर से दौराई (अजमेर) के बीच 27 फरवरी को दोपहर 3:35 बजे ट्रेन रवाना होगी और 28 फरवरी को दौराई से दोपहर 1:35 बजे वापस आएगी। भरतपुर से जयपुर के बीच 26 फरवरी को रात 10 बजे ट्रेन चलेगी और 27 फरवरी को रात 8:20 बजे जयपुर से वापसी करेगी। इसके अलावा, मेड़ता रोड से भरतपुर के बीच 26 फरवरी को सुबह 11:30 बजे ट्रेन चलेगी, जो रात 8:50 बजे भरतपुर पहुंचेगी। परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार ऋश्वश्ज्ञ परीक्षा में 5 विकल्प दिए जाएंगे। यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न के लिए कोई विकल्प नहीं चुनता है, तो उसके अंक काटे जाएंगे। इसके अलावा यदि कोई अभ्यर्थी 10त्न से अधिक प्रश्नों के उत्तर में कोई विकल्प नहीं चुनता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। राज्य सरकार और रेलवे की इन विशेष व्यवस्थाओं का उद्देश्य है कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे परीक्षा केंद्रों तक समय पर और सुरक्षित रूप से पहुंच सकें।

## विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हंगामा, भीतर विधायकों और मार्शल के बीच भिड़ंत



**जयपुर।** राजधानी में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी और छह विधायकों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव की कोशिश की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए 22 गोदाम सर्किल पर बैरिकेडिंग की, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प देखने को मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और एक-एक कर हिरासत में लिया। बैरिकेडिंग के बीच बने कांग्रेस मंच से नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और सरकार पर निशाना साधा। बीते तीन दिनों से सदन में चल रहे गतिरोध के आज टूटने के आसार बने थे लेकिन स्पीकर और कांग्रेस विधायकों के बीच तनातनी इतनी बढ़ गई कि मामला फिर से बिगड़ गया। स्पीकर ने प्रश्नकाल के बाद निलंबित विधायकों को सदन से निकालने के लिए मार्शल बुला लिए।

# 10वी बोर्ड की परीक्षाएं आज से, 35 केन्द्रों पर 7 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

## कलेक्टर ने शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के संबंध में दिये निर्देश

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अंतर्गत हायर सैकेण्डरी के बाद अब हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षाएं भी आज 27 फरवरी से शुरू हो रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिले में 10वी की परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिन पर 7 हजार 401 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रात: 8.30 बजे से पूर्व तक अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा है कि परीक्षार्थियों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

नियमित विद्यार्थियों के लिए शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, अशासकीय अल्फा इंग्लिश हाई स्कूल श्योपुर, शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा, शासकीय मिडिल स्कूल सोईकलां, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, अशासकीय जगदम्बा हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, शासकीय मिडिल स्कूल प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल मानपुर, शासकीय हाई स्कूल जैनी, शासकीय मिडिल स्कूल दांतरदा कला, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय राजीव गांधी हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मिडिल स्कूल बरगवा, शासकीय मिडिल स्कूल सेंसईपुरा, शासकीय मिडिल स्कूल पहेला,




शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल आवदा, शासकीय मिडिल स्कूल आवदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय मिडिल स्कूल श्यामपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल वीरपुर, अशासकीय श्री लीलाधर आदर्श विद्या मंदिर वीरपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल गसवानी, अशासकीय सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, शासकीय मिडिल स्कूल अगरा, शासकीय अम्बिका हायर सैकेण्डरी स्कूल इकलौद, शासकीय मिडिल स्कूल इकलौद शामिल है। स्वध्यायी विद्यार्थियों के लिए शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर एवं शासकीय हायर सैकेण्डरी मॉडल स्कूल विजयपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

**परीक्षा से डरे नही-डीएम :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कल से शुरू हो रही कक्षा दसवीं की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए छात्र-छात्राओं से बिना तनाव के परीक्षा में शामिल होने की अपील की है। उन्होने कहा है कि परीक्षा को लेकर तनाव में न आये तथा अपने रूटीन अनुसार पढाई करते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होने कहा कि बच्चे अक्सर परीक्षा के तनाव में आकर अपनी क्षमता अनुसार अपना प्रदर्शन नही कर पाते है तथा उत्तर याद होने के बाद भी घबराहट में सही तरीके से नही लिख पाते है, इसलिए कूल मांइड होकर परीक्षा में शामिल हों, परीक्षा से डरें नहीं, अपनी तैयारी पूर्ण रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बैठें। ऐसा करने से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**10वी बोर्ड परीक्षा की समय सारणी :** नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए घोषित परीक्षा कार्यक्रम परीक्षा वर्ष 2025 अनुसार 10वी बोर्ड के लिए 27 फरवरी 2025 को हिन्दी विषय का पेपर होगा। इसके उपरांत 28 फरवरी को उर्दू, 01 मार्च को नेशनल स्कील क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियली इंटेलीजेन्सी, 03 मार्च को अंग्रेजी, 05 मार्च को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी तथा मूकबधिर एवं दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन-वादन, तबला-पखावज तथा कम्प्युटर विषय के पेपर होगें। 6 मार्च को संस्कृत, 10 मार्च को गणित, 13 मार्च को सामाजिक विज्ञान तथा 21 मार्च को विज्ञान विषय का पेपर होगा।

# राधापुरा से बड़ोदिया बिंदी तक सड़क निर्माण में किया गया भ्रष्टाचार - राधेश्याम मीणा मूंडला

### सड़क बनने के साथ कहीं स्थान से उखड़ गई, ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग पर कार्रवाई की मांग

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



श्योपुर - राधापुरा से बड़ौदिया बिंदी तक बनाई गई लगभग 2 किलोमीटर की सड़क का कार्य निम्न गुणवत्ता के साथ घटिया स्तर का हुआ है इस सड़क के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया यह आरोप भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में लोक निर्माण विभाग एवं सड़क बनाने वाले ठेकेदार ने जमकर भ्रष्टाचार करके शासन के पैसों की बंदरबांट की है ?। सड़क जगह से उखड़ चुकी है सड़क में गड्ढे ही गड्ढे बन चुके हैं ग्रामीणों की शिकायत के बाद पेचवर्क के नाम पर केवल फॉर्मेलिटी की गई है । सड़क निर्माण के अंतर्गत राधापुरा के पास बनाई गई पुलिया का निर्माण भी पूर्ण नहीं किया गया है, अधूरी पुलिया का निर्माण कार्य पूरा किया जाए एवं घटिया सड़क की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करके सड़क का पुनर्निर्माण किया जाए अन्यथा सड़क से लगने वाले ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी । इस अवसर पर राधापुरा पंचायत के सरपंच धारा सिंह मीणा ने भी कार्रवाई की मांग की है ।

# राजधानी के साथ सीहोर भी बनेगा मेट्रोपॉलिटन सिटी, मिलेगा रोजगार

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** राजधानी भोपाल के साथ सीहोर भी मेट्रोपॉलिटन शहर बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय की विकासपूर्ण महत्वाकांक्षाओं का ध्यान रखा है। यही नहीं इंदौर उज्जैन देवास पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का लाभ भी सीहोर शहर को मिलेगा।

बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया सहित विधानसभा क्षेत्र के चुनिंदा इलाकों में कुछ नई कंपनियां उद्योग विकसित करेंगी। करोड़ अरबों रुपए का निवेश होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। भाजपा



विधायक सुदेश राय महानगरों की तर्ज पर सीहोर शहर को भी मेट्रोपॉलिटन शहर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के लिए जीतौड़ मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए विधायक सुदेश राय ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा और प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर और अन्य डेवलपमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े मंत्रियों अफसरो और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों डेवलपर एजेंसियों से विचार विमर्श कर नागरिकों के लिए भविष्य की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र सीहोर की समस्त सीमा में निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर प्रस्ताव सरकार को पहले ही दे दिए हैं।

**मेट्रोपोलिटन सिटी बनेगा सीहोर :** यही कारण है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जीआईएस 2025 समिट में शहरी विकास ऑनलाकिंग लैंड वैल्यू इन सिटीज विषय पर हुए सत्र में बोलते हुए कहा कि विकास के लिए दो तरीकों से काम किया जा रहा है जिसमें मेट्रोपॉलिटन कॉन्सेप्ट के आधार पर आसपास के जिलों को जोड़ा जाएगा और 8 हजार किलोमीटर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेंगे जिसका लाभ इंदौर उज्जैन देवास के साथ सीहोर जिले को भी मिलेगा। इसी दौरान उन्होंने कहा था कि भोपाल राजधानी को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाएंगे जिसमें सीहोर भी शामिल रहेगा। जिसके अंतर्गत इंडस्ट्रियल बेल्ट में सड़क रेलवे स्टेशन बिजली पानी साफ सफाई सीवर लाइन सहित निर्माण कार्य पर सीधे काम होगा।

# टीकमगढ़ में लड़कियों ने राहगीरों से पैसे मांगे: कारण पूछा तो जवाब नहीं दे पाईं, वीडियो बनाने से रोका, कहा- इससे शादी में दिक्कत होगी



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

टीकमगढ़-छतरपुर हाईवे पर बुधवार दोपहर आरटीओ दफ्तर के पास कुछ युवतियां राहगीरों को रोककर डोनेशन मांग रही थीं। हवेली रोड के रहने वाले प्रतीक रामचंदानी ने युवतियों को मुख्य सड़क पर लोगों से पैसे मांगते देखा। उन्होंने कारण पूछा तो युवतियों ने जवाब देने से मना कर दिया। प्रतीक ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो युवतियां वहां से भागने लगीं। एक युवती ने वीडियो न बनाने की विनती की। उसने कहा कि इससे उनकी शादी में दिक्कत हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवतियां लंबे समय तक सड़क पर खड़ी रहकर लोगों से पैसे मांगती रहीं। कुछ लोगों ने कहा कि इसके पहले इसी तरह की घटना छतरपुर में भी हुई थी। कोई गिरोह है, राजस्थान की लड़कियों का जो लोगों से पैसा मांगता है। लोगों ने इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा का कहना है कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। वीडियो की जांच के बाद युवतियों की पहचान की जाएगी और उन्हें तलाशा जाएगा।

# अतिक्रमणकारियों के घेरे में सैल सागर तालाब

### कलेक्टर ने बीते दिनों राजस्व की बैठक में दिए हैं निर्देश

### अतिक्रमण हटाकर दोषियों पर बनाएं प्रकरण





**टीकमगढ़।** प्रदेश के मुखिया मोहन यादव भले ही चंदेलकालीन तालाबों को सुरक्षित करने का दावा कर रहे हों, लेकिन मुख्यमंत्री के मंशूबों पर यहां पानी फेरा जा रहा है। शहर के सैलसागर तालाब पर फैले अतिक्रमण को लेकर लोगों ने कार्यवाही कराने की बात कही है। इससे पहले भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे अमित नुना ने 11 जुलाई 2024 को सैलसागर तालाब को सुरक्षित कराने के लिए मोदी कैबिनेट के मंत्री वीरेन्द्र को लिखित शिकायत कर मैदान में उतरना पड़ा था। यहां सैल सागर तालाब के चारो ओर से अतिक्रमण कर बाहरी लोगों ने पक्के मकान बना लिए हैं। जिसमें यह लोग अब निवास भी कर रहे हैं। बीते रोज जिला मुख्यालय पर हुई टीएल बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अधिकारियों को तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया था।

**नगर की प्यास बुझाने वाले :** चंदेलकालीन सैलसागर तालाब को नष्ट कर अवैध रूप से स्टाम्प पेपरों पर सैकड़ों प्लाट विक्रय किए जा चुके हैं और ये खेल अभी भी जारी है। उन्होंने इस खेल को रोककर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि नगर के मध्य स्थित चंदेलकालीन सैलसागर तालाब का बंधान तोड़कर यहां अतिक्रमण कर लिया है। जिससे नगर का जलस्तर कम होता जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा किए गए यह कृत्य शासन की मंशा के विरुद्ध, विधि विरुद्ध एवं जनता के विरुद्ध बताया है। उन्होंने जनहितार्थ में अतिक्रमण की जांच कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। यहां हम आपको यह जानकारी दे दें कि इससे पहले भी इस मामले को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। शिकायतों के बाद जांच हुई पर जांच में क्या हुआ ये अब तक उजागर नहीं हो पाया है। अब देखना है कि मामले में आगे क्या होता है। सैलसागर तालाब पर फैले अतिक्रमण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। लोगों ने यह भी बताया है कि अतिक्रमण के कारण सैलसागर तालाब की सुंदरता पर विराम लग चुका है। यहां के लोगों द्वारा पक्के निर्माण कर तालाब को चारो ओर से घेर लिया है। स्थानीय लोगों को अब नवागत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से उम्मीद है कि वह सैल सागर तालाब पर हुए अतिक्रमण को लेकर कोई ठोस कदम उठाएंगे तब कहीं जाकर इस समस्या से शहर के लोगों को निजाद मिल सकेगी।

इनका कहना है- सरोज राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष- देखिए यह प्रकरण भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित नुना के समय का है। उन्होंने इस मामले को लेकर पहले भी शिकायत दर्ज कराई है। इसके बावजूद भी अब तक रिजल्ट सामने नहीं आया है। अब नए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से मैंने बात कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। अगर वह भी इस अतिक्रमण को नहीं हटवा पाए तो निश्चित ही मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से बात कर आगे की कार्यवाही के लिए कहा जाएगा।

# सीहोर जिले के युवा गीतकार एवं साहित्यकार आदित्य हरि गुप्ता सम्मानित

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** नर्मदापुरम / साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा %प्रदेश के युवा रचनाकारों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला कौशल्या कुटी में सम्पन्न। कार्यशाला में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉं. विकास दवे जी ने सीहोर के बहुचर्चित उभरते गीतकार आदित्य हरि गुप्ता को उनके साहित्य के प्रति समर्पण एवं सतत् सृजनात्मक उपलब्धियों के लिये दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला में सम्मानित किया । आदित्य हरि गुप्ता ने कहा की प्रदेश स्तर पर ऐसे भव्य समारोह में भाग लेने का तथा कार्यशाला में प्रदेश से अलग-अलग स्थानों से आये वरिष्ठ एवं विद्वान साहित्यकारों एवं हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं के मर्मज्ञ मनीषियों द्वारा लेखन विधान तथा लेखन कला को सार्थकता प्रदान केसे की जाये तथा गद्य एवं पद्य में उत्कृष्ट साहित्य सृजन केसे हो इस पर यह आयोजन किया गया तथा राष्ट्र हित को सर्वोपरि ध्यान में रखते हुए युवा पीढ़ी को साहित्य लेखन में परिपक्वता कैसे लाई जाये इस पर विचार मंथन तथा उद्बोधन हुए ।

सीहोर जिले से आदित्य हरि गुप्ता ने इस अवसर पर अपने मधुर कंठ से काव्य पाठ कर सभी साहित्यकारों एवं बड़ी संख्या में पधारे साहित्य प्रेमियों को मंत्र मुग्ध कर दिया तथा जिले का नाम रोशन किया। नर्मदापुरम के वरिष्ठ साहित्यकार तथा इस कार्यक्रम के आयोजक संयोजक कैप्टन किशोर करैया ने सभी का आभार वयक्त किया।

# युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर ने शिवरात्रि के पावन अवसर पर किया प्रसाद वितरण

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




सीहोर । शिवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर प्रसादी का वितरण किया जाता है इसी तार्तम्य में इस वर्ष भी हज़ारों भक्तों के बीच युवा मोर्चा नगर मण्डल सीहोर द्वारा प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय ,गब्बर यादव ,हर्ष ताम्रकार ,सचिन राय ,अमित राय ,विजय यादव ,अविनाश राय ,दीपेंद्र राय ,विशाल पाटीदार, अंकित राठौर, विशाल बिलबन ,अनिल ,आयुष तोमर ,राज ठाकुर, लविश राजपूत ,शुभम पाटीदार ,आयुष पटेल ,विशाल परमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# 20 साल के युवक की संदिग्ध मौत: पिता बोला- तीन लोगों ने शराब पिलाकर की बेटे की हत्या

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



बड़गांव थाना अंतर्गत दरगुवां गांव में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीश लोधी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक जगदीश के पिता वीर सिंह लोधी ने बताया कि उनका बेटा सुबह खेत में फसलों को पानी देने गया था। सुबह करीब 11 बजे उन्हें बेटे के एक्सीडेंट की सूचना मिली। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में जगदीश को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

वीर सिंह ने गांव के तीन लोगों पर अपने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब जगदीश खेत पर था, तब मुकेश लोधी और राजेंद्र सिंह वहां पहुंचे। खेत के पास जालम लोधी शराब बेचता है। मुकेश और राजेंद्र उनके बेटे को वहां ले गए और शराब पिलाई। इसके बाद में एक्सीडेंट की झूठी कहानी बनाई गई। मुकेश, राजेंद्र और जालम ने मिलकर उनके बेटे जगदीश के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित पिता ने बड़ागांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे :राष्ट्रपति मुर्मू

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिरों की दान पेटियों की राशि, गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का किया आह्वान

भोपाल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में बागेश्वर धाम में 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह महोत्सव हुआ। भव्य समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बंध रहे जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरूनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है। समाज को सन्मार्ग दिखाने की संत परम्परा के इस उद्देश्य को बागेश्वर धाम प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुईं 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के बागेश्वर धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किये। इस अवसर पर धाम द्वारा आयोजित छठे सामूहिक विवाह महोत्सव पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन हुआ। समारोह में खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। ऐसे समय में बेटियों को सबल और सशक्त बनाने में सहयोग





करना समाज और सरकार का कर्तव्य है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करने के लिए जन-जन को प्रतिबद्ध होना होगा। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी तक देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ हम अग्रसर हैं। हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो अपितु सामाजिक समरसता से भी परिपूर्ण हो। देश पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध हो और आध्यात्म से विश्व को राह दिखाने में सक्षम हो। ऐसे राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संत समाज से मानव कल्याण की भावना के साथ देश में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा कराए जा रहे सामूहिक कन्या विवाह समारोह की सराहना की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने नव दम्पतियों को उपहार दिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि समारोह में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन जैसी उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी जा रही हैं। राष्ट्रपति ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह को जन सहयोग से जनकल्याण का श्रेष्ठ उदाहरण बताया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं। देश के विकास के लिए सामाजिक चेतना आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए अनुकरणीय हैं। समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का मध्यप्रदेश पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम में हनुमान जी के आशीर्वाद से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द्र बढ़ाने के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करने की बहुत आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने वसुधैव कुटुबम्कम की भावना और %सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयः% के विचार को चरितार्थ करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की की इस प्रकार के संकल्प और समाज हित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर हम सबको गर्व है, उनके दूरदर्शी निर्णय सामाजिक हित और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह में आज परिणय सूत्र में बंध रही बेटियों को राज्य सरकार की ओर से 51-51 हजार रूपए की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नव दंपतियों को दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने समाज से मंदिरों की दान पेटियों की राशि को गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि यदि सभी मठ, मंदिर, धाम और समाज के सभी लोग यह संकल्प ले लेते हैं, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह में लगभग 20 देश के एन.आर.आई., देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे दिव्य संत, वर-वधु के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाशिवरात्रि पर सपत्नीक भगवान महाकाल की पूजा कर अभिषेक किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि महापर्व पर महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बाबा श्री महाकाल का जल, दुग्ध अभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव-2025 समारोह के शुभारंभ के पहले बुधवार सुबह कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीराम तिवारी निदेशक-महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, डॉ. प्रशांत पुराणिक, डॉ. रमण सोलंकी, संजय यादव, संजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# शिवराज ने भोपाल में शिव आराधना : बड़े वाले महादेव मंदिर की शोभायात्रा में हुए शामिल

भोपाल। महाशिवरात्रि के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन किया। चौहान शोभायात्रा में भी शामिल हुए। मंदिर से चल समारोह के रूप में शोभायात्रा निकाली जा रही है, जिसमें धार्मिक झांकियां भी शामिल हैं। साथ ही, डमरू दल भी प्रस्तुति दे रहा है। शिवराज सिंह चौहान के साथ कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय भी मौजूद रही। पूजन-अभिषेक के बाद शिवराज सिंह चौहान बोले, 卐अद्भुत हैं भगवान भोले शंकर! दुनिया में जिसे सब ठुकरा दें, उसे भी अपनाते हैं भगवान भोले शंकर। चाहे भूत हो, प्रेत हो, पिशाच हो, देवता हो, मानव हो या साधारण जन,सभी पर उनकी कृपा और आशीर्वाद बरसता है। रायसेन जिले के भोजपुर मंदिर में भी सुबह से भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। यहां 7.5



फुट ऊंचे शिवलिंग को फूलों से सजाया गया है। यहां शिव मंदिर में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय महादेव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। मध्यप्रदेश शासन और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें श्रद्धालुओं का प्रवेश निशुल्क रहेगा। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव में करीब एक लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रशासन ने इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। आयोजन स्थल का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की गई है। पहले दिन शिव भाई गुप्ता लोकगान करेंगे, अभिलाष चौबे बधाई लोकनृत्य और हीरामणि वर्मा मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। प्रसिद्ध सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा भक्ति वादन से माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। 27 फरवरी को अंशुल प्रताप सिंह शिव तांडव की अद्भुत प्रस्तुति देंगे। इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें हरिओम पंवार, अनामिका अंबर, विष्णु सक्सेना, बलराम श्रीवास्तव, मेधा, अमन अक्षर और लक्ष्मण नेपाली अपनी कविताओं से समां बांधेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 28 फरवरी को राजकुमार ठाकुर लोकगायन करेंगे, संजय महाजन गणगौर लोकनृत्य और अमित घारू बरेदी-नौरता लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अरुणीता कुंजीलाल और नचिकेत लेले का सुगम संगीत मुख्य आकर्षण रहेगा। संत हिरदाराम नगर स्थित संकट मोचन खेड़ापति हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि का उत्सव 21 सालों से मनाया जा रहा है। इस साल 19 से 25 फरवरी तक भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन धाम के आचार्य राम मोहन तिवारी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। 26 फरवरी की सुबह शिव अभिषेक, हवन और पूजन होगा। दोपहर 1 बजे भव्य शिव बारात निकाली जाएगी।

बारात में उज्जैन की डमरू पार्टी, हाथी-घोड़े और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए शामिल होंगे। विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां भी इस शोभायात्रा का हिस्सा होंगी। संत नगर की परिक्रमा के बाद मंदिर में बारात का समापन होगा और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भोपाल में सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा 14 वर्षों से मनाए जा रहे महाशिवरात्रि पर्व के तहत इस बार भी उत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। न्यू सिंधी कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में बाबा भोलेनाथ को हल्दी और मेहंदी लगाने का कार्यक्रम होगा, जिसमें भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। 26 फरवरी की सुबह 11 बजे सिंधी कॉलोनी चौराहे पर विशाल भंडारा आयोजित होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# रामकी ग्रुप के चेयरमैन बोले-यूका के कचरे से डर नहीं

भोपाल। दो महीने पहले भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से 337 मीट्रिक टन कचरा पीथमपुर स्थित रामकी एनवायरो फैक्ट्री तक कंटेनरों में भरकर पहुंचाया गया था। लेकिन, कचरे के अनलोड होने से पहले ही स्थानीय लोगों ने विरोध तेज कर दिया। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। वहीं, रामकी ग्रुप के चेयरमैन अल्ला अयोध्या रामी रेड्डी का कहना है कि पब्लिक की सोच और डर बिल्कुल गलत नहीं है। लेकिन



उन्हें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हमारे लोग तो 40 दिन से उसी साइट पर हैं। वहीं सोते हैं। जो प्लानिंग और एसओपी है, उसी के ग्लोबल स्टैंडर्ड के तहत कचरे को डिस्पोज किया जाएगा। हाईकोर्ट ने 27 फरवरी से 10 मीट्रिक टन कचरे के डिस्पोजल का ट्रायल शुरू करने का निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस ट्रायल पर रोक लगाते हुए सरकार को याचिकाकर्ता की आशंकाओं पर सुनवाई का समय दिया है।

# भोपाल के पलास रेजीडेंसी की कुर्की रोकी

**भोपाल।** भोपाल में एमपी टूरिज्म के होटल पलास रेजीडेंसी की कुर्की नगर निगम ने रोक दी है। दरअसल, निगम ने 36 लाख रुपए की प्रॉपर्टी टैक्स समेत अन्य वसूली के लिए नोटिस थमाया था, लेकिन एमपीटी ने आपत्ति ले ली। अब यह मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा है। नगर निगम ने कुछ दिन पहले पलास रेजीडेंसी के मुख्य गेट पर नोटिस भी चस्पा किया था। जिसमें बकाया राशि 24 फरवरी तक जमा नहीं होने की स्थिति में उसे कुर्क करने की बात लिखी गई थी। इसी दौरान भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी हुई। ऐसे में यह मामला चर्चा में आ गया। दूसरी ओर, एमपी टूरिज्म के अफसरों ने भी वसूली पर आपत्ति ली, जो निगम के रेजीडेंसी में होने वाले कार्यक्रम की बकाया राशि को लेकर है। पलास रेजीडेंसी के मुख्य गेट पर ही निगम ने नोटिस चस्पा किया था। इसके चलते ही एमपी टूरिज्म के अफसरों ने आपत्ति ली थी। जोन-21 के जोनल अधिकारी शैलेष चौहान ने बताया कि पलास रेजीडेंसी को 36 लाख रुपए की बकाया राशि का नोटिस थमाया था। जिसमें संपत्ति समेत अन्य टैक्स शामिल हैं, 24 फरवरी को कुर्की करना थी। इस दौरान समायोजन की आपत्ति आई है। इसलिए कुर्की रोकी गई है। होटल के शुरू होने से ही राशि बकाया है।

### पंकज त्रिपाठी बोले- एक्टर इमोशन पर काम करने वाले मजदूर

# अभिनय सबसे मुश्किल काम, पर्दे पर जितना आसान लगता है उससे ज्यादा कठिन है

**भोपाल।** बॉलीवुड एक्टर और मध्य प्रदेश पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर पंकज त्रिपाठी भोपाल में हैं। जहां उन्होंने कहा कि अभिनय सबसे मुश्किल काम है। पर्दे पर जितना आसान लगता है वह उतना होता नहीं है। यह बहुत कठिन काम है। एक्टर दुनिया में इकलौते ऐसे मजदूर हैं जो इमोशन पर काम करते हैं। बाकी सभी पेशे में शारीरिक या फिर मानसिक यानी दिमाग या शरीर का काम होता है। एक्टर इकलौते हैं जो इमोशन पर मजदूरी करते हैं। उन्होंने कहा- इसमें बहुत पीड़ा होती है। यही वजह है कि एक्टर बहुत जल्दी चिढ़



सकता है या वो बहुत जल्दी गुस्सा हो सकता है। लेकिन बहुत से ऐसे एक्टर भी है जिनको इतनी गहराई में जाने की जरूरत नहीं होती है। हमारे जैसे थिएटर वाले एक्टर चाहते हैं कि हम सच्चे दिखे। इसी वजह से अपने किरदारों के दुख, वेदना और पीड़ा लेकर हम अपने घर आ जाते हैं। कई बार वह हमारी जिंदगी में भी आ जाती है और हमारी जिंदगी की खुशी हम किरदारों को दे आते हैं। एक्टर पंकज त्रिपाठी माखन लाल राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में कार्यक्रम %एक्सपर्ट्स शॉट्स% में शामिल हुए। इस दौरान प्रसिद्ध वॉयस ओवर आर्टिस्ट विजय विक्रम सिंह ने पंकज त्रिपाठी से कई रोचक सवाल किए। जहां उन्होंने अपने फिल्मी संघर्ष और सफर के बारे में विस्तार से बताया।

# सर्वे टीम ने जब्त किए दस्तावेज, 15 करोड़ रुपए तक की टैक्स चोरी आ सकती है सामने

भोपाल। आयकर विभाग को भोपाल के एक राइस मिल संचालक और होटल में निवेश करने वाले कारोबारी की तलाश है। यह राइस मिल संचालक और कारोबारी दुबई में है। विभाग के अफसर उसके भोपाल लौटने का इंतजार कर रहे हैं। ताकि उसे 15 से 20 करोड़ रुपए के कर अपवंचन के मामले में आय के स्त्रोत की जानकारी ली जा सके। टैक्स चोरी का सही आंकड़ा तय किया जा सके। राइस मिल संचालक और होटल कारोबारी एक दो दिन में भोपाल लौटने वाला है। राइस मिल के संचालक ताहिर अली की रायसेन रोड पर रायल ग्रेन्स मिल और एयरपोर्ट रोड पर सफायर ग्रुप के नाम से



संचालित होटल में हिस्सेदारी है। आयकर विभाग के अफसरों ने 20 फरवरी को इस कारोबारी के यहां सर्वे शुरू किया था। इस सर्वे के दौरान अली के बेटे ने आयकर विभाग के अफसरों से टैक्स चोरी की दायरे में आने वाली रकम को लेकर कहा है कि इसकी जानकारी पिता ही दे सकते हैं जो दुबई में मेले में शामिल होने गए हैं। इसके बाद आयकर अफसरों को अली के दुबई से लौटने का इंतजार है। माना जा रहा है कि अली दुबई में लगे मेले में चावल के बिजनेस से संबंधित कारोबार में शामिल होने गया है। उसके यहां सर्वे की कार्यवाही पूरी हो गई है और आयकर विभाग ने समन जारी कर बयान देने के लिए तलब किया है। आयकर विभाग को आशंका है कि इस कारोबारी के यहां हुए सर्वे के बाद टैक्स चोरी का आंकड़ा 15 से 20 करोड़ के बीच हो सकता है। लेकिन राशि सरेंडर कराने के पहले विभाग अली के बयान लेना चाहता है। आयकर की जांच के दौरान राइस मिलर और एक्सपोर्टर के यहां हुई पड़ताल में ऑफिस और कारखाने में वित्तीय गड़बड़ी के सबूत मिले हैं।

उसके सेल्स, परचेजिंग रिकार्ड्स, स्टॉक और खर्च से जुड़े दस्तावेजों में गड़बड़ी पाई गई है। खासतौर पर स्टॉक वैल्यूएशन में गड़बड़ी के गंभीर मामले हैं। यह भी सामने आया है कि कम्पनी ने कई संस्थाओं से लोन लिया है। जिनकी फाइनेंशियल स्टेटस अच्छा नहीं है। इसके चलते करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी के वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए हैं। इस ग्रुप द्वारा एकाउंटिंग में भी गड़बड़ी की गई है।

राइस मिल संचालक अली के बारे में यह भी जानकारी मिली है कि एयरपोर्ट रोड पर स्थित सफायर ग्रुप के होटल में भी इसकी 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यहां भी ढाई से तीन करोड़ रुपए की टैक्स चोरी इन्वेस्टमेंट के रूप में सामने आना तय है लेकिन विभाग टैक्स चोरी का फाइनल आंकड़ा अली के बयान के बाद ही तय करेगा।

### कांग्रेस नेताओं का सामने आया विजयवर्गीय

# विजयवर्गीय को जीआईएस फोटो सेशन में पहली लाइन में स्थान न देना इंदौर के लिए शर्म की बात

इंदौर। इंदौर कांग्रेस नेता और पार्षद राजू भदौरिया ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट की है। भदौरिया ने पोस्ट पर लिखा है कि समिट में मंत्री विजयवर्गीय को फोटो सेशन के दौरान प्रथम लाइन में स्थान नहीं दिया गया। यह हमारे इंदौर के लिए शर्म की बात है। क्या मुख्यमंत्री जी सब कुछ अकेले ही कर लेंगे?

कांग्रेस पार्षद भदौरिया ने लिखा कि, इस इन्वेस्ट मीट में ꣹ष्ठ, माइनिंग, स्वास्थ मंत्री, खास कर हमारे इंदौर की शान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी प्रथम लाइन में स्थान नहीं दिया गया। यह हमारे इंदौर के लिए शर्म की बात है। यह कैलाश जी नहीं इंदौर की जनता का अपमान किया है। इंदौर भुला नहीं है वो दिन



जब कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी थी तो हमारे इंदौर के मजदूर मिल बेटे कैलाश विजयवर्गीय ने अंबानी से बात कर 24 घंटे में ऑक्सीजन के टैंकर बुलाकर राहत का कार्य किया था। क्या मुख्यमंत्री जी सब कुछ अकेले ही कर लेंगे? क्या मध्यप्रदेश का कोई मिनिस्टर इस लाइक नहीं ज..? क्या सीएम साहब को यह नहीं लगता की मध्यप्रदेश के सभी मंत्रियों 1 नहीं 2,3,4 कहीं ना कहीं व्यवस्थित स्थान देना चाहिए था। खैर कोई बात नहीं मैं प्रदेश हित में ये बात लिख रहा हूं, हमारे इंदौर के कद्दावर मंत्री जी के साथ ऐसा नहीं करना चाहिए। - इंदौर के जनता की दिल की बात

# नूतन

## पहली मिस इंडिया थी जिसने फिल्मों में काम किया

**मुंबई (वार्ता)।** आज के दौर में जहां मिस इंडिया का खिताब जीतने वाली सुंदरियों को फिल्मों में काम करने का मौका आसानी से मिल जाता है वहीं नूतन को फिल्मों में काम पाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा था। 04 जून 1936 को मुंबई में जन्मी नूतन

(मूल नाम नूतन समर्थ) को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनकी मां शोभना समर्थ जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण नूतन अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। नूतन ने बतौर बाल कलाकार फिल्म नल दमयंती से अपने सिने कैरियर की शुरूआत की। इस बीच नूतन ने अखिल भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया जिसमें वह प्रथम चुनी गयी लेकिन बॉलीवुड के किसी निर्माता का ध्यान उनकी ओर नहीं गया। नूतन को वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म ..हमारी बेटी ..में अभिनय करने का मौका मिला । इस फिल्म का निर्देशन उनकी मां शोभना समर्थ ने किया। इसके बाद नूतन ने हमलोग .शीशम.नगीना और शवाब जैसी कुछ फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इन फिल्मों से वह कुछ खास पहचान नहीं बना सकी। वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म ..सीमा..से नूतन ने विद्राहिणी नायिका के सशक्त किरदार को रूपहले पर्दे पर साकार किया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये नूतन को अपने सिने करियर का सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।



**1955 में प्रदर्शित फिल्म ..सीमा..से नूतन ने विद्राहिणी नायिका के सशक्त किरदार को रूपहले पर्दे पर साकार किया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये नूतन को अपने सिने करियर का सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।**

इस बीच नूतन ने देवानंद के साथ पेइंग गेस्ट और तेरे घर के सामने में हल्के-फुल्के रोल कर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म सोने की चिड़िया के हिट होने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में नूतन के नाम के डंके बजने लगे और बाद में एक के बाद एक कठिन भूमिकाओं को निभाकर वह फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गई।वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म ..दिल्ली का ठग.. में नूतन ने स्विमिंग कॉस्टयूम पहनकर उस समय के समाज को चौका दिया । फिल्म बारिश में नूतन ने काफी बोल्ड दृश्य दिये जिसके लिये उनकी काफी आलोचना भी हुई लेकिन बाद मे विमल राय की फिल्म सुजाता एवं बंदिनी मे नूतन ने अत्यंत मर्मस्पर्शी अभिनय कर अपनी बोल्ड अभिनेत्री की छवि को बदल दिया ।

वर्ष 1959 में प्रदर्शित फिल्म ..सुजाता .. नूतन के सिने करियर के लिये मील का पत्थर साबित हुई। फिल्म में नूतन ने अछूत कन्या के किरदार को



रुपहले पर्दे पर साकार किया। इसके साथ ही फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह अपने सिने कैरियर में दूसरी बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष 1963 में प्रदर्शित फिल्म बंदिनी भारतीय सिनेमा जगत में अपनी संपूर्णता के लिये सदा याद की जाएगी। फिल्म में नूतन के अभिनय को देखकर ऐसा लगा कि केवल उनका चेहरा ही नही बल्कि हाथ पैर की उंगलिया भी अभिनय कर सकती है। इस फिल्म में अपने जीवंत अभिनय के लिये नूतन को एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

सुजाता.बंदिनी और दिल ने फिर याद किया जैसी फिल्मों की कामयाबी के बाद नूतन ट्रेजडी क्वीन कही जाने लगी। अब उनपर यह आरोप लगने लगा कि वह केवल दर्द भरे अभिनय कर सकती है लेकिन छलिया और सूरत जैसी फिल्मों में कॉमिक अभिनय कर नूतन ने अपने आलोचको का मुंह एक बार फिर से बंद कर दिया। वर्ष 1965 से 1969 तक नूतन ने दक्षिण भारत के निर्माताओं की फिल्मों के लिए काम किया।
इसमे ज्यादातर सामाजिक और पारिवारिक फिल्में थी ।इनमें गौरी, मेहरबान, खानदान, मिलन और भाई-बहन जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल है।





**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सौंफ शुद्ध देसी माउथ फ्रेशनर है और हमारे भारतीय रसोई का अहम 'किरदार' भी। मीठे से लेकर नमकीन व्यंजनों में इसका प्रयोग किया जाता है। यह आजकल की बात नहीं है बल्कि बरसों-बरस से पकवानों की जान है। ठंडी तासीर और सुगंधित स्वाद वाला सौंफ पाचन में लाभदायक है। अक्सर मेहमानों को खाने के बाद सौंफ परोसी जाती है। यह कोई लग्जरी नहीं है बल्कि हमारे पुरखों का बिना कहे दिया टिप है! तो बात यूं है कि यह वात, पित्त और कफ में संतुलन स्थापित कर शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा को बनाए रखता है।

आयुर्वेद तो इसे महत्वपूर्ण औषधि मानता है, जो हजारों वर्ष से विभिन्न शारीरिक समस्याओं का उपचार करती आई है। सौंफ- गैस, अपच और पेट की ऐंठन को दूर करने में सहायक होती है। इसमें मौजूद आवश्यक तेल गैस्ट्रिक एंजाइम्स के स्राव को बढ़ावा देते हैं, जिससे भोजन सही तरीके से पचता है। एसिडिटी की समस्या को दूर करने में सौंफ बहुत फायदेमंद होती है। यह पेट को ठंडक प्रदान करती है और अम्लीयता को कम करती है। आयुर्वेद में डाइजेस्टिव सिस्टम यानी पाचन तंत्र को अग्नि कहा जाता है। माना जाता है कि अगर अग्नि मजबूत और संतुलित होती है, तो पाचन बेहतर रहता है। प्राचीन चिकित्सा पद्धति के मुताबिक हर बीमारी की जड़ में पेट संबंधी व्याधि होती है। हरी छोटी या मोटी सी सौंफ पेट का ख्याल रखती है और फिर बाकी समस्याओं को भी संभाल लेती है। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण खांसी, जुकाम और गले की खराश को ठीक करने में भी मदद करते हैं।



इसका प्रयोग चाय या इसके काढ़े में किया जाए तो बंद नाक खुलती है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को साफ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, तनाव कम करने में भी इसकी छोटी सी मात्रा बड़ा रोल निभाती है। इसकी सुगंध मानसिक शांति प्रदान करती है और नींद को बेहतर बनाने में मदद करती है। अनिद्रा की समस्या में सौंफ की चाय या इसके अर्क का सेवन करने से गहरी और शांत नींद आती है। गुण भरपूर है, इसलिए तो सदियों से हमारी रसोई की जान है ये बीज। मसाले से लेकर मिठाई तक में इसे शामिल किया गया है। तभी तो बड़े बुजुर्ग कहते भी हैं- भोजन करके खाइए, सौंफ, गुड़, अजवान (अजवाइन)। पत्थर भी पच जाएगा, जानै सकल जहान।

**बुजुर्ग कहते भी हैं- भोजन करके खाइए, सौंफ, गुड़, अजवान (अजवाइन)। पत्थर भी पच जाएगा, जानै सकल जहान।**

# सुपाच्य सौंफ

## की तासीर ठंडी, बीज में तत्व ऐसे जो तनाव को भी करते हैं दूर

### उम्मीद नहीं थी 'जपनाम' इतना मशहूर हो जाएगा चंदन रॉय सान्याल

**मुंबई (वार्ता)** । बॉलीवुड अभिनेता चंदन रॉय सान्याल का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वेबसीरीज आश्रम में उनका किरदार जपनाम इतना महसूस हो जायेगा। चंदन रॉय सान्याल को वेब सीरीज'आश्रम'में निभाए गए'भोपा स्वामी'के किरदार के लिए'जपनाम'भी कहा जाता है. इस किरदार के लिए उन्हें काफ़ी सराहना मिली है। बहुप्रतीक्षित 'आश्रम सीजन 3 पार्ट 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें बाबा निराला और उनके रहस्यमय मास्टरमाइंड भोपा स्वामी की भयावह दुनिया को वापस लाया गया है। चंदन रॉय सान्याल द्वारा निभाए गए भोपा स्वामी की सोची-समझी निर्दयता और अटूट निष्ठा ने एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित किया है, जिससे वह सीरीज के सबसे चर्चित किरदारों में से एक बन गए है।






### 17 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी फिल्म 'इमरजेंसी'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' 17 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फ़िल्म्स निर्मित, फिल्म'इमरजेंसी'की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में हैं। फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है।



### एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे अली फजल

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता अली फजल एक्शन थ्रिलर में काम करते नजर आएंगे। अली फजल 'पाताल लोक' सीजन 1 के निर्देशक प्रोसित रॉय के साथ काम कर रहे है। खास बात यह है कि इस सीरीज में सोनाली बेंद्रे भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। अली फजल लगातार बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहे है, और यह उनकी सूची में एक और बड़ा नाम जुड़ने जा रहा है। यह सीरीज अप्रैल में शूट होने वाली है, जिसमें अली फजल को एक बिल्कुल नए अवतार में देखा जाएगा। बताया जा रहा है कि अली फजल की यह सीरीज एक बड़े पैमाने पर बनाई जा रही एक्शन थ्रिलर होगी, जो अली फजल के करियर की सबसे अनोखी प्रोजेक्ट होगी। इस अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू होगी। इस बीच अली फजल, राज और डीके की पीरियड फैंटेसी ड्रामा सीरीज रक्त ब्रह्मांड की शूटिंग पूरी कर लेंगे।



### छावा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया कोहराम , कमाई 219 करोड़ के पार

**मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म छावा ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 219 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं फिल्म छावा के निर्माता दिनेश विजान हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई है। इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से भी काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में धमाकेदार कमाई कर रही है।**



### भोजपुरी होली गीत 'लहंगवा कइला लाल' रिलीज

**मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री काजल त्रिपाठी और गायिका करिश्मा कक्कड़ का होली गीत'लहंगवा कइला लाल'रिलीज हो गया है। होली के हुड़दंड से भरपूर होली गीत'लहंगवा कइला लाल'का निर्माण वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी ने किया है। इस गीत को करिश्मा कक्कड़ ने गाया है। इस गाने में काजल त्रिपाठी नजर आ रही हैं। इस गाने को रवि यादव ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं।**



### 'मेरे हसबैंड की बीवी' की पूरी यात्रा रोमांचक थी अर्जुन कपूर

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का कहना है कि फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की शूटिंग से लेकर 'प्रमोशन और बीच में सब कुछ' उनके लिए एक रोमांचकारी अनुभव था। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें 'गोरी है कलाइयां' गाने की शूटिंग, फिल्म के निर्माण की झलकियां और विभिन्न शहरों में प्रमोशन की तस्वीरें शामिल हैं। अर्जुन ने लिखा, बस अब वो दिन दूर नहीं है! फिल्म की शूटिंग से लेकर प्रमोशन तक एक रोमांचक यात्रा रही! उन्होंने बताया कि यह यात्रा इसलिए भी मजेदार थी क्योंकि उन्हें अपने दोस्तों के साथ काम करने का मौका मिला। सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं अपने दोस्तों के साथ काम कर रहा था, बल्कि इसलिए भी कि यह फिल्म अपने आप में हंसी का धमाल था।! उन्होंने बताया कि मैं फिल्म की रिलीज को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। फिल्म शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है।

फिल्म की रिलीज से पहले अर्जुन ने सोशल मीडिया पर कहा, दिल से एक्साइटेड हूं और इंतजार नहीं हो रहा जब आप सब देखेंगे पूरे क्रू की मेहनत का नतीजा! 'मेरे हसबैंड की बीवी' सिनेमाघरों में आपका इंतजार करेगी। इस खास फिल्म को अपना प्यार ज़रूर दें! मेरे हसबैंड की बीवी एक दिल्ली के प्रोफेशनल व्यक्ति की कहानी है, जो एक जटिल लव ट्रायंगल में फंस जाता है। जब उसकी पुरानी प्रेमिका फिर से उसकी जिंदगी में आती है, ठीक उसी समय वह एक नई लड़की के लिए प्यार में पड़ना शुरू कर देता है, जिससे हास्यपूर्ण गलतफहमियों की एक श्रृंखला शुरू हो जाती है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# पैसों के चक्कर में मेडकेयर अस्पताल ने ले ली नवजात की जान

## प्रसूता के आपरेशन की होती रही तैयारी पर प्राइवेट अस्पताल को नही मिला सर्जन

**सीतापुर।** पैसो के चक्कर में प्राइवेट अस्पताल के कथित डायरेक्टर और प्रबन्ध तंत्र ने एक नवजात को दुनिया देखने से पहले ही मार डाला। कांशीराम कालोनी के पास स्थित मेडकेयर प्राइवेट अस्तपाल में एक प्रसूता को भर्ती कराया गया। जहां पर एक महिला मुंह पर माक्स लगाकर आई पीड़िता ने बताया कि वह महिला देखने में डाक्टर नही लगती थी लेकिन वहां के मैनेजमेण्ट ने कहा कि यह डाक्टर है उसने मेरा परीक्षण किया और कहा कि बिना आपरेशन बच्चा नही हो सकता है तो कहा गया कि आप आपरेशन की व्यवस्था करे इतना कहते ही मैनेजमेण्ट में पेसों की मांग की तो प्रसूता के परिजनों ने पांच हजार नगद तथा पन्द्रह हजार रूपये अस्पताल संचालक के खाते पर भेजे। उसके बाद करीब दस बारह घण्टे गुजर गये और अस्पताल की तरफ से यही कहा जाता रहा कि डाक्टर आ रहे है अभी आपरेशन होगा। लेकिन अस्पताल के मैनेजमेण्ट द्वारा सर्जन का इंतजाम ही नही किया जा जिसका परिणाम रहा कि पेट में पानी कम पड़ गया और नव जात का शरीर पेट के अन्दर ही नीला पड़ गया किसी तरह से बच्चे को पेट से नार्मल तरीके से खींच खांचकर निकाला गया और दूर से ही प्रसूता को दिखाकर नवजात को महिला अस्पताल में लाकर भर्ती करवा दिया। जहां आइसीयू वार्ड में उस नवजात की मौत हो गई और कुछ घण्टे बाद प्रसूता के परिजनों से कह दिया गया कि नवजात मर चुका है और शव को उनके हवाले कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी जा चुकी है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार रामकोट थानान्तर्गत ग्राम इस्माइलपुर निवासी रूबी पत्नी मुलायम अभी कुछ दिन पहले कांशीराम कालोनी के पास स्थित मेडकेयर अस्पताल अस्पताल नाम से स्थित प्राइवेट अस्पताल में अपना प्रसव करवाने गई थी। जहां उन उसे भर्ती किया गया परीक्षण के बाद कहा गया कि बिना आपरेशन के बच्चा नही होगा तो प्रसूता के परिजनों ने कहा कि आप आपरेशन करे। अस्पताल प्रबन्धतंत्र ने कहा कि अस्पताल तैयारी हो रही है अभी सर्जन आकर आपरेशन से बच्चा निकालेगे। देर रात तक प्रसूता और उसके परिवार डाक्टर आने का इंतजार करता रहा लेकिन डाक्टर नही आये इस कारण आपरेशन न होने से पेट का पानी समाप्त हो गया जिससे नवजात के शरीर का रंग नीला पड़ गया। पानी की कम देखकर फिर से अस्पताल में ग्लूकोज की बोतल चढ़ा दी गई और स्थित को देखते हुए अस्पताल में किसी तरह से बच्चे को पेट से बिना आपरेशन के निकाल लिया गया तो नवजात का रंग नीला था। नर्स ने बच्चें को प्रसूता को दिखाया और कहा कि इसको महिला अस्पताल लिये जा रहे है वहां पर नवजात को आईसीयू में भर्ती कराया गया। उसके कुछ घण्टे बाद कहा गया कि नवजात मर चुका है। पीड़िता ने घटना की लिखित जानकारी पुलिस को दी है।

### सीएमएस और सीएमओ का नही उठा फोन

हकीकत जानने के लिये पहले जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षका का सीयूजी नम्बर मिलाया गया लेकिन उनका फोन नही उठा उसके बाद सीएमओ सीतापुर का मोबाइल नम्बर मिलाया गया उनका भी फोन नही उठा। जिससे यही अनुमान लगाया जा रहा है कि हो सकता है कि आज अवकाश है तभी फोन नही उठाया होगा या फिर मामला चर्चित हो रहा है इस कारण इन दोनो अफसरों ने फोन नही उठाया लेकिन दोनो अफसरा का फोन न उठने के कारण उनका पक्ष नही जाना जा सका।

मुझे मेरा नवजात दूर से दिखाया गया उसको गोद में तक नही लेने दिया गया। मुझे इसकी भी जानकारी नही है कि जो नवजात मुझे दिखाया गया वह मेरा जिन्दा बच्चा था या फिर बच्चे का शव दिखाया गया। नर्स ने इतनी जल्दबाजी में उसे महिला अस्पताल ले गई कि मै कुछ समझ ही नही पाई इस कारण मुझे लगता है कि मेरे साथ मेड केयर प्राइवेट अस्पताल के संचालक मतुदस्लित और रजनीश श्रीवास्तव ने कोई खेल खेला है इसकी जांच होनी चाहिए- पीड़िता रूबी

## संक्षिप्त समाचार

### शेरपुर प्राथमिक विद्यालय में मिलन फाउंडेशन की पहल

**इमलिया सुल्तानपुर।** सीतापुर ध्विकास खण्ड ऐलिया के शेरपुर प्राथमिक विद्यालय में मिलन फाउंडेशन की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक का मंचन भी किया गया इस मिलन फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश असम और कर्नाटक में 12 से 18 वर्ष की लड़कियों को प्रशिक्षित कर उन्हें आगे बढ़ाना और उनके गांव में जमीनी स्तर पर नेता बनने के लिए प्रेरित करना है। दो साल के फालोंशिप से कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों को बदलाव की बुलंद आवाज के रूप में प्रशिक्षित करना है। उन्हें विकसित करना और उनमें निवेश करना है। कार्यक्रम में गीता वर्मा, सोनम विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, विनिता विश्वकर्मा सुशील देवी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश महासचिव का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**सीतापुर।** विकास खण्ड सकरनं में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह का भव्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महासचिव द्वारा सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा चलाईं जा रही योजनाएं जनजन तक पहुंचाये जिससे हर पात्र और गरीब को जारी योजाओं का लाभ मिल सके। अगर कही कोई दिक्कत आती तो आप लोग जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को अवगत कराये। उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष ललित सिंह सरोज गिरी ब्लॉक अध्यक्ष श्री केशन जिला सचिव अकित राजपूत ब्लॉक महासचिव मनोज तहसील लहरपुर सचिव गुडडू भार्गव ब्लॉक सकरनं कोषाध्यक्ष दीपक शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष को दी गई धमकी संगठन ने दिया ज्ञापन



**सीतापुर।** भारतीय किसान मंच संगठन प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के सम्बोधन में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सचिव ने अवगत कराया कि भारतीय किसान मंच संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर एक अज्ञात फोन नंबर से धमकी व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने से पीछे हटने की बात कही जाती है। घटना दिनांक 20 फरवरी की है परंतु शिकायत के बाद भी अभी तक जिम्मेदारों द्वारा कोई भी कार्यवाही नही की गई है। जिलाध्यक्ष द्वारा जनपद में ग्राम पंचायतो मे फैले भ्रष्टाचार को लेकर कई बार जिलाधिकारी सीतापुर को ज्ञापन दिया गया शिकायत का संज्ञान न लेने पर सुनील कुमार राजवंशी 17 फरवरी से धरने पर बैठ गए जिसको जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति के द्वारा 19 फरवरी को कार्यवाही का आश्वासन देकर अनिश्चित कालीन धरने को खत्म कराया गया। धरना समाप्त होने के अगले दि नही जिलाध्यक्ष को धमकी वाला फोन आता है जिस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक को पत्र के माध्यम से मामले से अवगत कराया गया लेकिन कार्यवाही अभी तक लम्बित है। इस मौके पर लखनऊ मंडल महासचिव नरेंद्र राजवंशी, जिला महासचिव अरविन्द राजवंशी, कमलेश राजवंशी, राजाराम गौतम, महिला जिलाध्यक्ष शिवकन्या राजवंशी, आदि लोग मौजूद रहे।

# एमओआईसी एलिया व रामकोट को डीएम ने जारी की प्रतिकूल प्रविष्ट



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एम0ओ0आई0सी0 एलिया व रामकोट को प्रसव केन्द्र न संचालित कराने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह निर्देश भी दिये कि सभी एम0ओ0आई0सी0 आशाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुये लोगों को जागरूक करते हुये प्रसव को केन्द्रों पर कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए , जे.एस.वाई. डिलीवरी को मंत्रा पोर्टल दर्ज कराते हुए आधार प्रमाणीकरण भी कराया जाये, शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित कराएं एवं आशा का नियमित भ्रमण भी सुनिश्चित किया जाये। गर्भवती महिलाओं को ई-रूपी वाउचर के माध्यम से निःशुल्क अल्ट्रासाउंड हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। सभी वीएचएसएनडी सत्रों में आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ उपस्थित हो। टीकाकरण हेतु छूटे बच्चों को चिन्हित करते हुए विशेष सत्र आयोजित कराकर टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। सभी सत्रों के आयोजन से पूर्व व्यापक जागरूकता की जाए तथा सत्रों का नियमित रूप से सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित कराया जाए। टीकाकरण की बर्थ डोज शत प्रतिशत लगाया जाना सुनिश्चित करें एवं इसकी फीडिंग भी समय से पोर्टल पर कराई जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट कराई जाये। नैमिषारण्य के चिकित्साधिकारी के बैठक में अनुपस्थित होने पर एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 96.88 लाख की लागत से होगा जंगलीनाथ मंदिर का विकास

**गोंदलामऊ-सीतापुर।** गोंदलामऊ क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का लोकार्पण हुआ। बरताल गांव स्थित श्री जंगलीनाथ बाबा मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा किए गए विकास कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण ने किया। विकास कार्य की कुल लागत 96.88 लाख रुपये है। इस अवसर पर विधायक रामकृष्ण ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र कुमार मधुर ने किया।मेला मालिक रामगोपाल कश्यप गुड्डू के अनुसार, दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला 27 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मछरेहटा मिथिलेश कुमारी भार्गव, गन्ना विकास समिति रामगढ़ के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी और भाजपा मंडल अध्यक्ष संदना सुरेन्द्र कुमार अवस्थी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अवर अभियंता प्रतीक सिंह ने विकास कार्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में कल्ली मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, गन्ना डायरेक्टर अरुण कुमार त्रिपाठी और बरताल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आदित्य मिश्र जीतू सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# दागी भूमाफिया ने बनाया गैंग कप्तान से की गई शिकायत

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव बाड़ी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य को गांव के ही कुचक्र रचकर फर्जी गलत मामले में फंसा कर जेल भिजवाने में लगा भुमाफियाऔर आपराधिक प्रवृत्ति के लोग। पुलिस अधीक्षक सीतापुर को पत्र भेजकर भूमाफिया और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने मांग की है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर को जनसुनवाई के माध्यम से भेजे गए शिकायती पत्र में बाड़ी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वजाहत हुसैन उर्फ राज आलम ने बड़ी गांव के ही लगभग दो दर्जन लोगों पर गंभीर आरोप लगाया है। राज आलम ने कहा है कि वह लगभग ढाई वर्ष पूर्व जेल से छूटकर गांव में शांतिपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर रहा है और अपना व्यवसाय कर रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य को बड़ी गांव के ही निवासी इमरान अली उर्फ इमरान दावा पुत्र इसरार अली उर्फ कजन एक भूमिया और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है उसने अपना एक गैंग बना रखा है जिसमें गांव के ही आपराधिक चरित्र के अशफाक अली उर्फ मिज्जन पुत्र इसरार अली उर्फ कंजन आतिफ ,आकिब ,शारिक ,हरिश ,शादाब, पुत्रगण अशफाक अली उर्फ मिज्जन आदि लगभग दो दर्जन लोग गैंग में शामिल हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने पुलिस अधीक्षक को भेजें गए शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि उक्त लोगों के पास देसी विदेशी हथियारों का जखीरा है।जानबूझकर वह लोग उसे परेशान कर रहे हैं और तरह-तरह से अपने गिरोह के सदस्यों से झगड़ा आदि करवाते रहते हैं ताकि पीड़ित को किसी प्रकार से दोबारा जेल भिजवाया जा सके ।

### नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक का निधन

**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत कार्यालय से कस्बे के ज्यादातर लोग उस समय सकते में आ गये, जब उन्हें नगर पंचायत कार्यालय के हरदिल अजीज वरिष्ठ लिपिक बीनू भास्कर की हृदयाघात से मृत्यु की हृदयविदारक सूचना मिली।गौरतलब है कि युवा बीनू भास्कर को अपने पिता के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे में नौकरी मिली थी। एक दिन पूर्व उन्हें दिल का दौरा पड़ने के दौरान लखनऊ मेडिकल कालेज के हृदयरोग विभाग( लारी) में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया था।

# निर्धारित शुल्क पर ही करे आलू का भण्डारण : डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शीतग्रहों में कृषकों के भण्डारित होने वाले आलू के किराये शुल्क निर्धारण एवं आलू उत्पादक कृषकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी आलू भण्डारण करने वाले संगठनों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित शुल्क पर ही आलू भण्डारण करें। यदि कोई अतिरिक्त शुल्क लेता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने आलू भण्डारण करने वाली संगठनों को निर्देशित किया कि आलू भण्डारण करने से पहले सभी मशीनें, बिजली व भवन की जांच अवश्य कर लें, जिससे कोई अप्रिय घटना न घटित हो पाये। आलू भण्डारण के समय जो साफ-सफाई करायी जाती है, वह किसी अनुभवी व्यक्ति से ही करायी जाये। साथ ही जिन आलू भण्डारण करने वाली संगठनों ने अभी तक नवीनीकरण नहीं कराया है, उसको नोटिस निर्गत की जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आलू भण्डारण वाली संगठनों एवं किसानों की समस्याओं को भी सुनते हुये जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन भी दिया। बैठक के दौरान जिला उद्यान अधिकारी राजश्री, आलू भण्डारण संगठन के सदस्य एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

# विभाग से नही जारी की गई एनओसी- विशाल पोरवाल

## भूमाफियाओं ने नदी के तट तक फैलाया प्लाटिंग का जाल



**सीतापुर।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा जहां एक तरफ भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों पर की जा रही कब्जेदारी को लेकर लगातार सख्त निर्देश दिये जा रहे है और भूमाफियाओं द्वारा कब्जे में जो जमीन की जा चुकी है उसको मुक्त करवाकर भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही के आदेश लगातार दिये जा रहे है। जारी आदेशों को ध्यान में रखकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के द्वारा भी लगातार सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है व भूमाफियाओं पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी के सख्त रवैये के बाद भी जनपद में सीतापुर मिश्रिख रोड पर ग्रीन फिल्ड स्कूल के पास हो रही प्लाटिंग पर भूमाफियाओं ने पिरई नदी के तट तक प्लाटिंग का जाल फैला दिया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारों की माने तो प्लाटिंग का जाल नदी के तट तक फैलाया जा रहा है, लेकिन सीमा निर्धारण करना राजस्व विभाग व सम्बन्धित विभाग की जिम्मेदारी बनती है। जिस प्रकार से नदी तक तट तक प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा है वह कही न कहीं भविष्य में नदी को प्रभावित कर सकता है नदी के तट पर कार्य प्रारम्भ करने से पहले सम्बन्धित विभागों से एनओसी लेना भी अनिवार्य होता है लेकिन इस सम्बन्ध में जब शारदा प्रखण्ड के अधिशासी अभियन्ता विशाल पोरवाल से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि हमारे संज्ञान में नही है व विभाग द्वारा एनओसी जारी नही की गई है।

# पौराणिक सिद्धेश्वर मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

**सिधौली -सीतापुर।** हाथी घोड़ा , गाजे बाजे शंख घड़ियाल के साथ भक्ति भाव में अपार आस्था के जनसैलाब के साथ बुधवार को कस्बे के पौराणिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से विशाल शिव शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह जगह पर भगवत भक्तों ने यात्रा का स्वागत कर उनपर फूल बरसाए। नगर में अन्येकों स्थान पर भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। चले हैं बराती सज धज के ष् रंग अबीर गुलाल उड़ाते मस्त हिलोरें लेते तमाम आस्थावान श्रद्धालु भगवान सिद्धेश्वर महादेव की परंपरागत बारात का हिस्सा बने। हाथी घोड़ा, भजनों पर थिरकते भक्त संत महंतो की अगुवाई में चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से करीब 11 बजे निकलकर तहसील रोड, बड़ा चैराहे से महमूदाबाद चैराहा होते हुए तहसील,मिश्रिख मार्ग होते हुए शाम को मंदिर वापस लौटी। जगह जगह पर फलहार ,भंडारे आदि के प्रबंध भक्तों द्वारा किए गए थे। राधाकृष्ण, भगवन शिव पार्वती, भगवान राम, हनुमान, त्रिदेवियों की सजीव झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान सिद्धेश्वर राधाकृष्ण प्रबंध समिति के सह संरक्षक गंगाराम राजपूत, अध्यक्ष अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आलोक जायसवाल, आडिटर रामआसरे पांडेय, कमलेश कटियार आदि सहित विधायक मनीष रावत,नवदीप मिश्रा, सूर्यांश शुक्ल,हिमांशु सिंह,संगीत कुमार, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे वहीं क्षेत्र के गांव सरांय मे स्थित छत्रपाल बाबा धाम मे चल रहे सात दिवसीय रुद्रमहायज्ञ के पांचवें दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर (171 )पीठो पर सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे (171) जोडो ने भगवान शिव का दूध से अभिषेक किया। छत्रपाल बाबा धाम मे राकेश बाजपेई,आचार्य इंद्रमोहन मिश्र के द्वारा शिव जी के स्त्रोत का पाठ करते हुए पार्थिव शिवलिंग का दूध से अभिषेक किया गया ।

# बाघ को पकड़ने के लिए बिशुनपुर में लगाया गया पिंजरा



**इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सीतापुर रेंज व हरगांव रेंज के कई गांवो में काफी समय से बाघ का आतंक बना दहशत का पर्याय बन चुके बाघ को पकड़ने के लिए बुधवार को बिशुनपुर गांव के दक्षिण गन्ने के खेत मे पिंजरा लगाया गया। पिंजरे में बकरी को भी बांधा गया है जिससे बाघ पिंजरे में कैद हो सके। इससे पहले भी वन विभाग के द्वारा विशुनपुर गांव के दक्षिण स्थित तालाब में ट्रैप कैमरा लगाया गया था जिसमें कोई एक्टिविटी कैद नहीं हो पायी थी। इस समय बिशुनपुर गांव के आसपास कई दिनों से पग चिन्ह मिल रहे थे जिससे ग्रामीण काफी दहशत में थे तालाब से 100 मीटर पहले वन विभाग के द्वारा पिंजरा लगाया गया है जिसमें डिप्टी रेंजर मुसीर अहमद, अनुभव शर्मा, विवेक दीक्षित, वन रक्षक राजेश कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों पर भांजी लाठी फिर 11 को भेजा जेल

**गोंदलामऊ ( सीतापुर )।** पुलिस पर केस दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भांजी तक भी प्रदर्शनकारी नही माने तो पुलिस ने करीब 39 लोगों को केस दर्ज करते हुए 11 लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही की है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार संदना पुलिस ने युवक के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने वाले 39 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर 11 लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। जेल भेजे गए आरोपी प्रदर्शन के दौरान संदना पुलिस की लाठियों का शिकार भी हुए थे। इन पर आरोप है कि सभी ने दहशत फैलाते हुए सरकारी काम में बाधा डाली है। मुड़ियाकैल निवासी रामकिशोर (45) की रविवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पत्नी ने छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया।

# हैण्ड निजी फर्म त्रिपाठी इंफोटेक पर भुगतान लगाकर कर रहा फर्जीवाड़ा




| Number | Voucher Date | Amount (in Rupees) | Vendor |
|---|---|---|---|
| 24-25/P/28 | 01/02/2025 | 5400.00 | AMIT~Citizen |
| 24-25/P/28 | 01/02/2025 | 5400.00 | RAKESH KUMAR~Agency |
| 24-25/P/28 | 01/02/2025 | 2844.00 | GIRJADYAL~Citizen |
| 24-25/P/28 | 01/02/2025 | 1422.00 | GANGARAM~Citizen |
| 24-25/P/29 | 01/02/2025 | 3500.00 | TRIPATHI INFOTECH~Agency |
| 24-25/P/30 | 01/02/2025 | 60777.00 | JAY BHOLE INTERPRISES~Agency |
| 24-25/P/2 | 03/09/2024 | 45471.00 | HARSHIT IRON STORE~Agency |
| [illegible] | 03/09/2024 | 21211.00 | HARSHIT IRON STORE~Agency |
| [illegible] | [illegible]09/2024 | 1905.00 | ABHAY RAJ~Citizen |
| [illegible] | [illegible]09/2024 | 17775.00 | AMARPAL~Citizen |
| 24-25/P/5 | 03/09/2024 | 20250.00 | ABHAY RAJ~Citizen |



**सीतापुर( खैराबाद )।** विकास खण्ड खैराबाद में इस समय त्रिपाठी इन्फोटेक नामक फर्म चर्चाओं के दौर से गुजर रही है। बताते चले कि सचिव के द्वारा लगाये गये जारी आदेशों को दरकिनार अपने निजी हैण्ड के द्वारा सरकारी धनराशि में घोटालो को अंजाम दिया जा रहा है। हैण्ड के द्वारा त्रिपाठी इन्फोटेक नामक फर्म पर वित्तीय खातो की धनराशि का भुगतान कर प्रधानों सचिवो को ही गुमराह किया जा रहा है जो कि सूत्रो की माने तो यह एक लम्बे समय से भुगतान की प्रकिया चली आ रही है। प्रधानों के खाते से छोटी छोटी रकम का भुगतान उक्त फर्म पर लगातार किया जाता रहा है जब हो रहे भुगतानों की जानकारी प्रधान व सचिवों को हुई तो उनके होश उड़ गये। विकास खण्ड में एक प्रधान के खाते से भारी रकम निजी हैण्ड के खाते में जाने पर प्रधान ने विकास खण्ड में हंगामा काट दिया। प्रकरण को किसी प्रकार जिम्मेदारों के संरक्षण में रफा दफा कर दिया लेकिन जब प्रकरण खुलने लगे तो एक के बाद एक खुलते चले गये । हैंड के दबदबे के सामने जिम्मेदार नतमस्तक होते दिखाई दिये क्योकि हैण्ड को अपने मजबूत कलमकार का संरक्षण प्राप्त है। जिससे वह सचिवो पर प्रभाव बना रखा है। जिसके चलते वह ग्राम पंचायतों में सरकारी धन में फर्जीवाड़ा लगातार करता चला आ रहा है। जब ई स्वराज साइड पर विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में त्रिपाठी इंफोटेक पर भुगतान के आंकड़े देखे गये तो वह आंकड़े चैकाने वाले थे क्योंकि त्रिपाठी इंफोटेक पर लगातार भुगतान किए गए जबकि फर्म के द्वारा साइड पर किसी प्रकार का कोई भुगतान के सम्बन्ध में बिल अपलोड नही किये गये। जबकि अधिकतर भुगतान प्रशासनिक व्यय के नाम पर किये गये है। फर्म पर हो रहे भुगतान के सम्बन्ध में जब सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओपी सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है फर्म पर हुए भुगतानों की जांच कराई जायेगी अगर भुगतान गलत पाये जाते है तो उचित विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# श्रवण क्षेत्र धाम में एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा भगवान शिव के प्रतिमा का किया गया अनावरण

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** एमएलसी डॉ .हरिओम पांडे तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने श्रवण क्षेत्र धाम में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिव जी की प्रतिमा का मंत्रों उच्चार तथा धार्मिक रीति रिवाज के साथ अनावरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए एक बड़े आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जा रहा है, यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालु के लिए गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य चल रहा है, नया आधुनिक पंचायत घर बनवाया गया है, नई पुलिस चौकी बनवाई गई है इसके साथ ही साथ हवन, भंडारा आदि करने के लिए यहां पर एक अलग टीन सेड का निर्माण किया गया है। श्रवण धाम मंदिर को एक प्रयटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एवं स्थानीय रोजगार का सृजन करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है माननीय मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप पूरे क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। जो लोग अयोध्या आते हैं वह लोग भी यहां पर अवश्य आए। और यहां पर पर्यटकों के ठहरने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। श्रवण क्षेत्र का घाट तीन नदियों से तमसा नदी, विसुही नदी तथा मडहा नदी के उद्गम का पौराणिक संगम स्थल है। सर्वविदित है कि श्री अयोध्या तीर्थ के बाद प्रमुख पौराणिक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवण धाम है। माता-पिता की भक्ति के प्रतीक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवणक्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है। श्रवण क्षेत्र का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। हिंदू समाज के लोगों में इस स्थान को लेकर गहरी आस्था है। इसके पूर्व दिनांक 15 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा श्रवण क्षेत्र धाम में भगवान श्री राम की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया था। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी/जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौके पर उपस्थित रहे।



# भव्य निकाली शिव बारात, लगे हर हर महादेव के जयकारे

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** नगर में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़े धूमधाम से नगर में शिव बारात निकाली गई। भव्य शोभायात्रा शिवाला मंदिर पक्का घाट से निकलकर विभिन्न स्थानों को होते हुए वैवाहिक स्थल पर पहुंची ।जहाँ भगवान शिव और माता पार्वती की भव्य आरती की गई। महाशिवरात्रि जैसे पावन त्योहार पर हर कोई इस बारात का हिस्सा बनने के लिए आतुर दिखा। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल और कार्यक्रम अध्यक्ष शिवम् गुप्ता ने शिव बारात यात्रा की कमान संभाली। भव्य झांकी ने सभी शिव भक्तों का मन मोह लिया ।रास्ते में जगह-जगह बारात और शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर लोगों द्वारा स्वागत किया गया।इस दौरान कई स्थानों पर श्रृद्धालुओं ने प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की। डकाखाना कमेटी नेतृत्व में निकली शिव पार्वती विवाह के अवसर पर एसडीएम पवन जायसवाल, तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मानिक चंद सोनी,भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद,व्यापारी मनीष सोनी,आदित्य गोयल,हरिओम सोनी,शरद जायसवाल,अमित गुप्ता, सीताराम अग्रहरि,दीपचंद जायसवाल,अजीत निषाद,आशीष सोनी,आत्माराम गुप्ता समेत बारात में शामिल हुए। विभिन्न व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिव बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। सीओ अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवम कोतवाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।

## 11 हजार दंपती ले रहे सम्मान निधि का लाभ, जांच शुरू

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले अपात्र दंपती के लिए बुरी खबर है। उनमें से केवल एक को ही योजना का लाभ मिलेगा, दूसरे को निधि वापस करनी होगी। फैमली आईडी से सत्यापन में करीब 11 हजार ऐसे दंपती मिले हैं, जो योजना का लाभ ले रहे हैं। कृषि विभाग ने इनके सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। इसके बाद इनसे वसूली की कार्रवाई होगी।जिले में पीएम किसान सम्मान निधि के लिए तीन लाख 90 हजार लाभार्थी हैं।

# सहन दरवाजे के सामने जमीन पर किया जा रहा जबरन कब्जा आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** जनपद की अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत घटकना सोनगांव के कल्पनाथ यादव पुत्र रामदीन का आरोप है कि उनके पड़ोस के रहने वाले सहदेव शर्मा, अंकित शर्मा, बबलू ,डब्लू, अर्जुन शर्मा भूपेंद्र शर्मा आदि लोग मिलकर मेरे घर के सामने की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि पुलिस की मिली भगत से जमीन पर जबरन कब्जा कराया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि सड़क के उस पार उनका घर है और सड़क के इस पार हमारा घर है इसके बावजूद यह लोग सड़क पार करके हमारी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। मामले में पीड़ित ने बताया कि एसडीएम पुलिस अधीक्षक एवं अकबरपुर कोतवाल को भी तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है उसके बावजूद विपक्षीगढ़ जबरन कब्जा कर रहे हैं।

**बयान देते समय पीड़ित के आंखों से छलका दर्द :-**

मीडिया को बयान देते समय पीड़ित कल्पनात अचानक रोने लग गया उसका कहना है कि मैं जनपद के सभी जिम्मेदार अधिकारियों के चक्कर काट रहा हूं लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। पीडित ने बताया कि 22 तारीख को थाने पर तैनात पुलिस कर्मियों ने लगभग 3-36 बजे ईंट भी गिरवाया जिसका रिकॉर्ड सीसीटीवी कैमरे में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की सरकार में भी पीड़ित को न्याय के लिए भटकना पड़ता है। अनहोनी घटना होने पर पुलिस प्रशासन की आंखें खुलती है। फिलहाल मामले में क्षेत्राधिकार अकबरपुर से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि कार्य को रुकवा दिया जा रहा है। लेखपाल द्वारा पैमाइश करने के उपरांत ही कोई कार्य किया जाएगा।

# डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 4 को स्वर्ण जयंती वर्ष मनायेगा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर 04 मार्च को स्वर्ण जयंती वर्ष मनायेगा। कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल द्वारा गठित 23 समितियां स्वर्ण जयंती समारोह को भव्य बनाने में जुटी हुई है। जिसे लेकर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल, साहित्य, योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। समारोह को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित होगा। इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि और राज्यपाल की ओर से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

# ग्राम पंचायत रूढ़ी में रोजगार सेवक द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा के धन का किया गया बंदर बाट

## मृतक व्यक्ति के जाबकार्ड पर भी हजिरी चढ़ा कर किया गया भुगतान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** विकास खंड राम नगर स्थित ग्राम पंचायत रूढ़ी में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर रोजगार सेवक द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा योजना के धन का बंदर बांट करते हुए योजना को पलीता लगाने में रोजगार सेवक द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया। जो जाब कार्ड धारक कभी काम करते हुए दिखाई नहीं दिए उनके जाब कार्डो पर 90 दिवस तक फर्जी हाजिरी लगाकर मजदूरी का भुगतान कर मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा करने का काम किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रोजगार सेवक का चयन मायके के गांव रूढ़ी में हुआ है जबकि वह गांव में उपस्थित न रहकर अपनी ससुराल में रहती हैं तथा अपना काम स्वयं नहीं करती। वहीं रोजगार सेवक के स्थान पर उनके पिता द्वारा काम किया जाता है तथा बिना काम किए मजदूरों के जाब कार्ड पर फर्जी हाजिरी लगाकर मजदूरी के धन को वापस वसूल लिया जाता है। पूर्व में बड़े पैमाने पर रोजगार सेवक द्वारा जाब कार्डो पर फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा योजना के धन का बंदर बांट कर लिया गया साथ ही पूर्व में मास्टर रोल पर फर्जी फोटो भी अपलोड किया गया। हद तो तब हो गई जब 11 दिसंबर 2023 को मृतक हुए शिवप्रकाश के जाब कार्ड पर दिवंगत होने के 6 महीने बाद जाब कार्ड पर फर्जी हाजिरी लगाकर मजदूरी का भुगतान कर दिया गया। वहीं जीवित जाब कार्ड धारको के पीएम आवास की मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं किया गया। मृतक होने से 6 माह बाद फर्जी हाजिरी लगाने को लेकर ग्राम प्रधान ने बताया कि ब्लॉक स्तर से फर्जी हाजिरी लगाई गई है।रोजगार सेवक द्वारा ग्राम पंचायत रूढ़ी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत किये गये फर्जी बाड़े की ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की है।

# उड़द बढ़ने की उम्मीद

उदय सुरेश भाई ठक्कर

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा उड़द में पिछले महीने ग्राहकी काफी कमजोर होने तथा चेन्नई में उतरे हुए माल की बिकवाली आने से उड़द एसक्यू नीचे में 8100 तथा एफ ए क्यू 7250 रुपए बन गया था । म्यांमार में भी उड़द के भाव मोटे माल के 845 डॉलर एवं छोटे माल के 750 डॉलर प्रति टन नीचे में रह गए थे, लेकिन लगातार एशियाई देशों की चहां से लिवाली चलने से मोटा माल 890 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया तथा छोटे माल भी 805 डॉलर हो गया। छोटे माल का व्यापार बढ़िया रहा, क्योंकि देसी माल मंडियों में निपट गए हैं तथा इन मालों की, दाल मिलों में पकड़ मजबूत हो गई। आगे निकट में कोई फसल आने वाली नहीं है जिससे बर्मा वाले अगले महीने शिपमेंट के भाव 10-15 डॉलर प्रति टन और बढ़कर बोलने लगे हैं। इसे देखते हुए इसमें 200/300 रुपए प्रति क्रिटल की भारतीय बाजारों में भी और तेजी आ सकती है। उड़द में नीचे वाले भाव पर चेन्नई से माल कम मिल रहा है तथा हाजिर आयात सौदे भी ऊंचे भाव में हो रहे हैं। यहां स्टॉक ज्यादा नहीं है, जिस कारण महीने के अंत में नीचे के भाव से 100 रुपये बढ़कर 8400 रुपए प्रति कुंतल एसक्यू कालिटी की मसूर हो गई। छोटे माल में भी 200 रुपए की बढ़त पर 7550 रुपए का व्यापार हो गया।

# इनोवा कर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत अन्नावा बाजार में स्थित श्रवण क्षेत्र तिराहे पर इनोवा कर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई फिर भी जीवित होने की आशंका में परिवार के लोग एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर डॉक्टर ने मृत्यक घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार घटना मंगलवार की रात समय लगभग 12-00 बजे की है सारंगपुर (खोरीया) गांव निवासी हीरा राजभर पुत्र छोटेलाल उम्र लगभग 52 वर्ष श्रवण क्षेत्र तिराहे पर पहुंचे इसी बीच अयोध्या की तरफ से आ रहा एक इनोवा कर ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे हीरा राजभर की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई कर चालक डिसबैलेंस होकर घटना स्थल के बगल स्थित कृष्ण रेस्टोरेंट एवं फूड कॉर्नर की दुकान में घुस गई रेस्टोरेंट मालिक राहुल यादव ने बताया कि दुकान बंद हो गई थी केवल फर्नीचर वगैरा का नुकसान हुआ है घटना की सूचना पर अहिरौली पुलिस ने इनोवा कर को थाने ले गई श्रवण क्षेत्र मोड पर कम जगह होने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। मिली जानकारी अनुसार इनोवा कार वेस्ट बंगाल की थी जिसमें चार लोग सवार थे अयोध्या दर्शन के बाद वापस आ रहे थे चारों लोग सही सलामत सुरक्षित हैं।

# प्रेम प्रसंग मे जीते जी एक न हुए तो चूमा फांसी का फंदा झूलकर दी जान



केसरिया हिंदुस्तान
मोहित यादव लव

एटा जनपद के सकीट थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव के बाहर प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ फंदे पर लटकर जीवन लीला को समाप्त कर लिया ।सुबह जब गांव बालों ने एक साथ युवक युवती के शव को लटके देखा तो हड़कंप मच गया सैकड़ों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई।सूचना सकीट थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना स्थल का निरीक्षण किया है।जानकारी के अनुसार वीरपाल पुत्र ब्रह्मानंद उम्र 30 वर्ष,नीतू पुत्री छोटे लाल उम्र 23 वर्ष एक ही गांव के रहने वाले है।गांव के बाहर पेड़ पर एक ही दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली है।घटना के बाद परिवारियों में कोहराम मच गया है ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मौके पर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया है जांच एजेंसियों ने साक्ष्य संकलित किए है ।पुलिस ने फंदे पर लटके शवों को नीचे उतार कर कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।हालांकि आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।जानकारी के अनुसार दोनों प्रेमी युगल आपस में प्रेम करते थे ।जानकारी के अनुसार मृतिका का विवाह 14 फरवरी 2025 को वेलेंटाइन डे पर हुआ था पहली बिदा के बाद युवती अपने गांव किसी शादी समारोह में शामिल होने अपने मायके आई थी।मृतक का विवाह वर्ष 2007 में हो चुका है दोनों के मध्य प्रेम संबंध चला आ रहा था।मृतक के दो बच्चे भी हैं।फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है मौके पर पहुंचे बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह द्वारा बताया गया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है जांच पहलू और फील्ड यूनिट के द्वारा साक्ष्य को संकलित किए जा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# तिलक समारोह के दौरान नशे में धुत युवक की गोली से 8 वर्षीय मासूम घायल

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के बागवाला गांव में एक तिलक समारोह के दौरान खुशी का माहौल दुख में बदल गया खेतपाल के बेटे तिलक समारोह के दौरान शराब के नशे में धुत एक युवक की हर्ष फायरिंग में 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया घटना उस समय हुई जब तिलक का कार्यक्रम चल रहा था और दावत का आयोजन करीब 250 मीटर की दूरी पर किया गया था मुलायम सिंह 8 वर्षीय जो बदन सिंह का बेटा है दावत खाने गया था इसी दौरान धर्मेंद्र नामक युवक ने नशे में धुत होकर तमंचे से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी गोली पीछे से मुलायम को लग गई जिससे वह तत्काल गिर पड़ा घटना के बाद मौके पर अफरा तकरी मच गई परिजन तुरंत घायल बच्चे को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले गए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया घायल के चाचा अजीत कुमार ने बताया कि घटना देर रात कि है थाना प्रभारी बागवाला अखिलेश दीक्षित ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विभिन्न जगह पर निकाली गई शिव बारात यात्रा,श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता
बाराबंकी



**अहमदपुर बाराबंकी।** महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव के साथ पार्वती जी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है।यह दिन शिव भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले के विभिन्न शिव मंदिरो में भक्तों ने जलाभिषेक किया। इसी क्रम में तहसील नवाबगंज के जवाहरपुर स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया एवं उधौली से आई बारात का स्वागत गंगा प्रसाद दीक्षित,सुधाकर प्रसाद दीक्षित और लालता प्रसाद दीक्षित ने उत्साह पूर्वक किया। पंडित अवधेश शुक्ला द्वारा विधिवत पूजन किया गया। शिव बारात में भगवान शिव की झांकी प्रस्तुत की गई भक्त भगवान शिव के भजनों पर खूब झूमे। यह शिव बारात उधौली के पुरानी बाजार के शिव मंदिर,गंगा दास बाबा कुटी,पुलिस चौकी अहमदपुर के शिव मंदिर,

गंगेश्वर महादेव मंदिर जवाहरपुर, तुलसीपुर स्थित शिव मंदिर होते हुए पुन: उधौली पहुंची। इस अवसर पर सौरभ दीक्षित, विमलेन्द्र दीक्षित,अरुणेंद्र दीक्षित, अथर्व दीक्षित, सोमी दीक्षित, दृश्या, पार्थ, देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार,मृत्युंजय, पंकज गुप्ता,रवि सोनी सहित हजारों भक्त उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मी ने ग्रामीण के घर में मचाया हंगामा, वीडियो वायरल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

संवाददाता वीरू गौतम



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। ताजा मामला थाना घुघचाई क्षेत्र के कडेया कनपारा गांव का है, जहां ड्यूटी पर तैनात यूपी 112 के जवानों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं। आरोप है कि ये पुलिसकर्मी शराब के नशे में धुत होकर एक ग्रामीण के घर में जबरन घुस गए और जमकर हंगामा किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस प्रशासन की छवि पर एक बार फिर दाग लगा है।

**ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पुलिस!** स्थानीय लोगों के मुताबिक, बीती रात यूपी 112 की एक टीम गांव में गश्त कर रही थी। इसी दौरान कुछ पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे। नशे की हालत में उन्होंने एक ग्रामीण के घर में जबरन घुसकर अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज करने लगे। जब परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, तो पुलिसकर्मियों ने धमकाने की भी कोशिश की।

**वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप :** इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें पुलिसकर्मियों का नशे में धुत होकर हंगामा करते साफ देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ चुका है, और ग्रामीणों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**जनता में आक्रोश, पुलिस महकमे की चुप्पी :** इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि जिन पुलिसकर्मियों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही अगर इस तरह की हरकतें करेंगे तो आम जनता का कानून-व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा।

**क्या होगी कार्रवाई? प्रशासन से जवाब तलब :** घटना को लेकर झश्चद्वद्यद्वड्ढद्वह्लश्चश्चद्यद्वष्द्ध और झश्चश्चश्चद्यद्वष्द्ध के अधिकारियों से जवाब मांगा जा रहा है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या पुलिस प्रशासन दोषी पुलिसकर्मियों पर कोई सख्त कार्रवाई करेगा या फिर मामला दबा दिया जाएगा? ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बर्खास्त किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। क्या दोषी पुलिसकर्मी बच निकलेंगे या होगी सख्त कार्रवाई? बने रहें अपडेट के लिए!

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने निकाली सामाजिक समरसता यात्रा

## समरसता यात्रा का किया जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम



चिलकाना विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला बेहट के कार्यकर्ताओ द्वारा नगर चिलकाना सुल्तानपुर मे संत गुरु सिरोमणि रविदास जी के जन्मोत्सव पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से सामजिक समरसता यात्रा का आयोजन किया जहाँ जगह जगह समरसता यात्रा का लोगो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस अवसर पर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष नबाब सिँह ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर 44 प्रांतो मे समरसता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की हम सब सनातनी है हमारे कण कण मे भगवान श्री राम बसते है उन्होंने बताया कि ज़ब सिकंदर लोधी हिन्दुओ पर अत्याचार कर उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करवाने को उन पर अत्याचार कर रहा था तब संत गुरु रविदास ने हिन्दू समाज मे जागरण किया ओर उन्हें धर्मान्तरण से बचाया था, उन्होंने कहा था मुझे मरना मंजूर है लेकिन धर्म छोड़ना मंजूर नहीं है। वहीं समरसता यात्रा प्रमुख रविन्द्र लाम्बा जी ने बताया कि हमें संत गुरु रविदास जी के बताये सदमार्ग पर चलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहाँ छुआछूत, भेदभाव ना हो हमें सभी जातियों को संग्रहित कर एक श्रेष्ठ देश का सृजन करना है,ओर सामाजिक समरसता द्वारा ही हम एक आधुनिक संपन्न समाज का निर्माण कर सकते है।

नगर चिलकाना पहुंचने पर समरसता यात्रा का बीजेपी नेता हरीश पंवार, वरिष्ठ समाजसेवी बाळकृष्ण शर्मा, डॉक्टर कुलदीप चौधरी, बजरंग दल गौ सेवा प्रमुख आयुष जी महाराज, सूरज सैनी ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर आकाश काशी, डॉक्टर

# भाकियू चढूनी ने तहसील में जलाई गन्ने की होली किया विरोध प्रदर्शन

केसरिया हिन्दुस्तान

इसरार व्यूरो पीलीभीत



मांगो को लेकर तहसीलदार को सौंपा

पीलीभीत-पूरनपुर। भाकियू चढूनी ने गन्ना मूल्य न बढ़ाए जाने पर किसानों ने नाराजगी जताते हुए गन्ने की होली जलाई और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कई मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। इसमें मुआवजा दिलाने सहित मांगे रखी गई।

बुधवार को दर्जनों भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ताओं ने तहसील में पंचायत की। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार हबीब उर रहमान को सौंपा गया। इसमें बताया गया कि

मथुरा के महावन में धरना प्रदर्शन करने के बावजूद किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया। शासन की मंशा के विपरीत महावन एसडीएम पर किसानों से अभद्रता करने का आरोप लगाया गया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम पर किसानों के साथ अभद्रता करने का भी आरोप लगाया। इसके अलावा बरसात से खराब हुई किसानों की फसलों का मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई। खतौनी और आधार कार्ड में संशोधन कराने और दाखिल खारिज,खसरा मूल,निवास प्रमाण पत्र आदि पर किसानों का उत्पीड़न बद करने की मांग की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गन्ना मूल्य साढ़े चार सौ रुपए प्रति कुतंल करने की मांग की गई। वर्तमान मूल्य से फसल का खर्च नहीं निकल पा रहा है। मक्का की फसल का मंडीकरण कराने की मांग की गई। इस दौरान नाराज किसानों ने तहसील परिसर में गन्ने की होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। 15 मार्च तक मांगे पूरी न होने पर 17 मार्च को सभी जिलों में आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो,जिला उपाध्यक्ष जोगा सिंह,मंदीप सिंह,कर्मवीर सिंह, जगविंदर सिंह,जगप्रीत सिंह,गुरुप्रताप सिंह, पलविंदर सिंह सहित दर्जनों किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप से लौट रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत मचा कोहराम

## टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर हुआ फरार

केसरिया हिन्दुस्तान

इसरार व्यूरो पीलीभीत




पीलीभीत-पूरनपुर। पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर वापस लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंच गयी और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया वही कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के रहने वाले चुन्नीलाल का बेटा अमित कुमार उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। बुधवार को अमित कुमार खुटार हाइवे पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। पेट्रोल डलवाने के बाद वह घर वापस लौट रहा था। इसी बीच वह मोहनपुर जसी चौराहे के पास अमित कुमार की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे अमित कुमार घायल हो गया। जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। वह घायल को सरकारी अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनो में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही थाना पुलिस सीएचसी पहुंच गयी और जांच पड़ताल की उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया वही परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल है।

# 20 लाख लागत के विकास कार्यों का जिपं अध्यक्ष ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

## विकास व ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही मेरी प्राथमिकता : जिला पंचायत अध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** पंचायतों में पानी निकासी के साथ ही जर्जर सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है। इससे ग्रामीणों को बहुत तकलीफों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत नगला हरी के गांव मुड़सेनियाँ के ग्रामीणों को अब इन समस्याओं से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। ये बात आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने सीसी, नाली एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास पर आयोजित सम्मान समारोह में कही।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का काफिला आज सुबह विकास खंड राया के ग्राम पंचायत नगला हरी के गांव मुड़सेनियाँ में पहुंचा जहां जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिला पंचायत निधि से लगभग 20 लाख लागत से सीसी, नाली एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने नोटों की माला एवं फूलमाला व पटुका पहना कर उनका जोरदार स्वागत करते हुए कहा विकास का दूसरा नाम जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी है।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजू चौधरी सत्यपाल चौधरी व ग्राम प्रधान हरेन्द्र ने उन्हें ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने पंचायत की समस्या को ध्यान में रखते हुए गांव मुड़सेनियां में नाली और सीसी रोड, ईंट खडंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण/शिलान्यास किया है। मुख्य रूप से सम्मान समारोह में सदस्य जिला पंचायत मंजू चौधरी के पति सत्यपाल चौधरी, हरेंद्र प्रधान, नीरज प्रधान एवं सम्मानित सरदारी के ग्रामीण मौजूद रहे।

# लाखों भक्तों के हर हर महादेव के जयकारों से गूँज उठा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दिलीप तिवारी




**बाराबंकी।** सिद्धौर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज सिद्धौर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में लाखों शिव भक्तों के हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूँज उठा लाखों शिव भक्तों ने भोले बाबा से अपनी अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए आशीर्वाद की कामना की।प्रसिद्ध शिव मंदिर में हर वर्ष से ज्यादा शिव भक्त दिखे प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द दिखी ताकी किसी भी भक्त को जल चढ़ाने में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए।आज कुम्भ के समय पर पड़ने वाली महाशिवरात्रि के अतिपावन पर्व पर करोडों हिन्दू आज महादेव के दरबार मे जाते दिखे खास कर युवा पीढ़ी पूरे जोश के साथ शिवालयों में जलाभिषेक करती दिखी। महादेव के इस मंदिर में दूर-दूर से भक्त आते हैं और भोले भाले भोलेनाथ अपने भक्तों का कल्याण करते हैं मंदिर प्रांगण में एक दिन पहले ही ओम नमः शिवाय के जाप से भक्त यहाँ आना शुरू हो जाते हैं और दूसरे दिन तक जाप चलता रहता है ।

# बाटी में आवासीय विद्यालय बनकर तैयार, मंत्री ने किया निरीक्षण

## अब प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई में गरीबी रोड़ा नहीं बनेगी - असीम अरूण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/
नीरज चतुर्वेदी



मथुरा। जैंत विकास खंड की ग्राम पंचायत बाटी में समाज कल्याण विभाग का आवासीय विद्यालय बनकर तैयार हो गया है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बाटी पहुंचकर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का निरीक्षण किया और नवीन सत्र से विद्यालय संचालन की संभावना व्यक्त की। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि अब प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई में गरीबी रोड़ा नहीं बनेगी।

ग्राम पंचायत बाटी में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के निरीक्षण में पधारे उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण समाज कल्याण विभाग उनके साथ में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, बलदेव विधानसभा के विधायक पूरन प्रकाश, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, धनगर समाज विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. मेदाराम धनगर, बलवीर ठेकेदार, ठाकुर रोहन सिंह, मोहन सिंह धनगर, भगवान सिंह, जगपाल शर्मा, अतर सिंह धनगर, जगदीश धनगर, धर्मेंद्र सिंह, सुनील धनगर, यतिन धनगर, सत्तू पहलवान, वीरेंद्र सिंह, छोटू सिंह, यादराम धनगर, सोनू सिंह, हरिओम, गौरव धनगर आदि सम्मानित सरदारी उपस्थित थी।

# भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ

केसरिया हिन्दुस्तान

इसरार व्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत**-बरखेड़ा। कस्बा के मेला मैदान में सोमवार को भव्य द्वितीय श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया।संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान बाबा श्री खाटू श्याम की मंत्रोचारण के बीच पूजा आराधना कमेटी के सदस्यों के द्वारा की गई तथा भजन गायक अमन मिश्री ने प्रथम बन्दना तेरी लीला निराली,जय जय गणेश के गान से संकीर्तन का शुभारंभ किया।भजन गायक प्रियंका चौहान ने श्याम बाबा की जय,खाटू बाले की जय भजन प्रस्तुत किया।अमन मिश्री वृंदावन ने राधा राधा राधा बरसाने वाली राधा भजन प्रस्तुत किया।भजन गायक श्याम दीवानी करिश्मा ने सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किये।साकेत गुप्ता ने भी सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किये।भजन संध्या के समय लम्बी लम्बी कतार में भक्तजनों ने बाबा श्री खाटू श्याम के दरबार में हाजरी लगाकर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्य गणों की देखरेख में व्यवस्था रही सुबह 5 बजे भजन संध्या कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कृष्ण नगरी हुई शिवमय, श्रीकृष्ण जन्मभूमि से निकली भोले की भव्य बारात

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार दोपहर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात नगर में आकर्षक झॉकियों के साथ निकाली गयी। जन्मस्थान से निकलने वाली परंपरागत शिव बारात नगर में श्रद्धा और आकर्षण की केन्द्र रही भगवान शिव की बारात के पौराणिक स्वरूप के दर्शन कर नगरवासियों एवं भक्तों को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

ढोल-नगाड़े की मधुर ध्वनि के साथ सर्वप्रथम भगवान भैरों जी रथ पर विराजमान थे। तदोपरान्त विशाल नन्दी बाबा चल रहे थे। डीजे पर बज रहे भोले बाबा के भजनों के मध्य त्रिशूल धारण कर माँ चण्डी देवी के दर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहे। नृत्य करती सखियाँ, अघोरी स्वरूप में नृत्य के साथ माता काली के मनमोहक प्रदर्शन के दर्शन, भक्तों को आनन्दित करने वाले थे। चन्दौसी से पधारी ढोल पार्टी एवं बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के मध्य विराजमान हो भगवान ब्रह्मा जी व भगवान श्री विष्णुजी, शिव बारात में उपस्थित हो त्रिदेव की बारात को संपूर्ण कर रहे थे। आज की बारात के मुख्य आकर्षण नन्दी पर विराजमान औघड़दानी भगवान शिव के विशेष स्वरूप, भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी आदि भगवान शिव के स्वरूप में और अ?द्धुद स्वरूप प्रदान कर रहे थे। भगवान शिव के



साथ नृत्य करते हुऐ शिवगण भक्तों के आकर्षण का केन्द्र थे। ढोल की ध्वनि जो सूचक थी भगवान शिव की बारात आगमन की, उसे सुनकर संपूर्ण यात्रा मार्ग पर लोगों की कतारें लग गयीं। घरों की छतों एवं झरोखों से भी लोग भोले की इस अनूठी बारात को निहार कर उत्साहित हो रहे थे। धन्य मान रहे थे अपने प्रालब्ध को, कि इस पुराण प्रसिद्ध स्मृति मात्र से ही सभी विलक्षण एवं अलौकिक फलों को देने वाली इस दुर्लभ शिव बारात के आज अनूठे दर्शन कर रहे है। जहाँ बच्चे, युवा बारात के साथ भक्ति से ओत-प्रोत एवं शिवगणों की ताल में ताल मिलाकर नृत्य करते हुये चल रहे थे, वहीं बुजुर्ग एवं महिलायें बड़े ही कौतूहल एवं श्रद्धाभाव से इस बारात को निहार रहे थे। सभी के मन में खुशी थी। जहाँ से भगवान शिव की बारात निकली वहीं से वृहद मात्रा में पुष्पवर्षा हो रही थी, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इन्द्रदेव मेघ बूंदों के स्थान पर पुष्पवर्षा कर रहे हों।

नृत्य करते शिवभक्त एवं भगवान शिव के गण, भक्तों में श्रद्धा के साथ-साथ भाव मिश्रित सिरहन भी पैदा कर रहे थे। जन्मभूमि पर भगवान शिव की बारात प्रारम्भ से पूर्व औघड़दानी भगवान शिव की आरती श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी द्वारा की गयी।

# नियमों की आड़ लेकर अपनों को बचाने में जुटे हैं जिला अधिकारी, मामला वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के गोदाम से चावल की शॉर्टेज का

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर** स्थानीय वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के गोदाम से बीते 2 सालों में कुल 274 क्विंटल चावल की शॉर्टेज के मामले में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के डीएम अपने लोगों को बचाने का प्रयास नियमों की आड़ लेकर कर रहे हैं आज बुधवार को पत्रकारों के सवालों के जवाब में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के जिला प्रबंधक दुर्गेश जाट ने बताया कि चावल के जमा करते समय नमी की अधिक मात्रा होनेके कारण जब वितरण में नमी में कमी आती है तो वह शॉर्टेज मान्य है उन्होंने यह भी बताया कि कल 43000 क्विंटल चावल दो सालों में गोदाम में जमा हुआ था जिसमें 274 क्विंटल की शॉर्टेज आई है वह इस सवाल का जवाब टाल गए की क्या 2 साल में एक बार शॉर्टेज दर्ज करने का नियम है साथ ही उन्होंने यह भी जवाब नहीं दिया कि नियमों के अनुसार जब अलग-अलग स्ट्रेचिंग होना चाहिए थी वह क्यों नहीं हुई कुल मिलाकर के जिम्मेदार एक ही बात कर रहे हैं की चावल में नमी के चलते शॉर्टेज आ सकती है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस 43000 क्विंटल चावल में नमी की मात्रा का निर्धारण वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा किया जाएगा और उसे निर्धारण के बाद मापदंडों में अगर कोई गड़बड़ सामने आती है तो जिम्मेदारअधिकारियों से राशि की वसूली भी की जाएगी कुल मिला करके नियमों की आड़ में गड़बड़ियों को छुपाने का प्रयास तो हो ही रहा है किंतु दूसरे नियमों के बारे में जिम्मेदार अधिकारी सही बात कहने से बच रहे हैं जिससे इस मामले में जिले के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं सूत्रों की माने तो चावलों में शॉर्टेज का यह मामला अकेले सुसनेर गोदाम का नहीं है गंभीरता से जांच हो तो आगर बड़ोद कानड और नलखेड़ा में भी इस तरह की गड़बड़ियां सामने आ सकती है यह गड़बड़ियां तभी पकड़ में आ सकती है जब जिम्मेदारों के अंदर सच्चाई की तह तक पहुंचाने की भावना जागृत हो अन्यथा गरीबों के राशन पर डाक इसी तरह से डलता रहेगा और जो राशन प्रधानमंत्री गरीबों के लिए मुफ्त दे रहे हैं उसे राशन से अधिकारी अपनी जेबें भरते रहेंगे



## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा

केसरिया हिंदुस्तान

**शवगढ़** रायबरेली आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा है। यहां शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी शिवालय सुबह से ही हर हर महादेव के जयकारों से गूंज रहे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री बरखंडी नाथ महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नगर पंचायत शिवगढ शिव मंदिर में सुबह से ही लम्बी लम्बी कतारों में लगे भक्त भगवान् भोले शंकर की एक झलक पाने के लिये प्रसन्नचित्त मुद्रा में अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे हैं लोग व शिव मंदिर जो लगभग बहुत ही पुराना है इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को दूध, बेल पत्र,धतूरा, और गंगाजल अर्पित करता है भगवान भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं इसी आस्था और विश्वास के साथ लोग सैकड़ो किलोमीटर दूर से नंगे पांव आकर भगवान शिव के दर्शन करते हैं, वही भक्तों की सुरक्षा के लिए सभी शिवालियों के बाहर पुलिस की भी तैनाती की गई है ताकि भक्तों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो

## सड़क हादसे में युवक की मौत पेट्रोल भरवाकर घर लौट रहा था, अज्ञात बहन ने मारी टक्कर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



पीलीभीत पूरनपुर में एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई सबलपुर खास के रहने वाले अमित पुत्र चुन्नीलाल बुधवार को बाइक में पेट्रोल भरवाने हाईवे गए हुए थे इसी दौरान गोल्डन फ्लावर स्कूल के पास एक अज्ञात बहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी हादसे में गंभीर रूप से घायल अमित को राहागीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से पूरनपुर सीएससी पहुंचाया

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** अस्पताल में डॉक्टरों ने अमित को मृत्यु घोष कर दिया

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पर परिजनो सीएससी पहुंचकर पुलिस को सूचना दी पूरनपुर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार त्यागी ने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है

## महाशिवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत**–बरखेड़ा। महा शिवरात्रि के महापर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में आंखण्ड पाठ का आयोजन किया गया।बुद्धवार को सुबह से ही मंदिरों पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लग गई।कस्बे में मोहल्ला ठाकुर द्वारा मंदिर ठाकुर द्वारा पर शिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया,वहीं श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की मोहल्ला मालियान में शिव मंदिर पर आंखण्ड पाठ का आयोजन हुआ,वार्ड नं 5 में गांधी आश्रम के सामने शिव मंदिर पर आंखण्ड पाठ का आयोजन किया गया वहाँ पर भी भक्तों ने पूजा अर्चना कर मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर मौनोति माँगी तथा प्रसाद का वितरण किया गया।क्षेत्र के गांव नवादा महेश हाइवे रोड किनारे शिव मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही लम्बी कतार लग गई वहाँ पर भक्तों ने पूजा अर्चना की और प्रसाद चढ़ाकर मौनोति मांगी भक्तजनों की मंदिरों पर भारी भीड़ रही सुरक्षा की दृष्टि से ज्यादा भीड़ वाले मंदिरों पर पुलिस तैनात रही।

# शिवालयों में श्रृद्धालओं की आस्था का संगम, दुल्हा-दुल्हन बने महादेव-पार्वती को निहारकर तृप्त हुए भक्त

**पंचदेहरिया में आयोजित हुआ मेला, दिन भर शिवालयो में होते रहे धार्मिक अनुष्ठान, महादेव ने अलग-अलग रूपो में दिये दर्शन**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर।** भगवान भुतभावन अधिपति देवाधिदेव महादेव का दिन, क्या खास और क्या आम, हर कोई भक्त बस बाबा की एक झलक पाने को आतुर था। कही पर भजन कीर्तन हो रहे थे, तो कही पर महामृंत्युंजय मंत्र के उच्चारण के साथ महादेव का पंचामृत से महारूद्राभिषेक किया जा रहा था। तो कही पर भजनो की थाप पर युवाओ की टोलियों नृत्य कर रही थी। सुबह से शाम तक यह नजारे बुधवार को महाशविरात्रि के अवसर पर शहर समेत क्षेत्र के तमाम शिवालयो में देखने को मिले। इन मंदिरो में महाशिवरात्रि के चलते श्रृद्धालुओ की आस्था का भी संगम देखने को मिला कोई श्रृद्धालु जल चढाकर तो कोई बिल्व पत्र व कोई आकर्षक फूल व धतूरे से बाबा को प्रसन्न करने में लगा हुआ था। देर शाम होते ही इन मंदिरो में महादेव ने अपने भिन्न-भिन्न रूपो में दर्शन दिये जिसकी एक झलक पाते ही श्रृद्धालु भाव-विभोर हो गए। एक और जहां सिंचाई विभाग स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का दुल्हे के रूप में पार्वतीजी का दुल्हन के रूप में श्रृंगार किया तो वही मेला ग्राउंड के



ओंकारेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, जयेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराम जानकि मंदिर, सत्यनारायगण गली स्थित मनकामनेश्वर मंदिर, पुलिस कालोनी, परसुलिया रोड, जामुनिया रोड व मोरूखेडी मंदिर व श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर के शिवालय में भगवान की पुजा अर्चना करने के लिए श्रृद्धालुओं की भीड उमडी रही।

**पंचदेहरीया में मेले का आयोजन, उमडे श्रृद्धालु :** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के चलते बुधवार को सुसनेर से 10 किलोमीटर दूर विद्यांचल पर्वत माला पर स्थित पांडव कालीन पंच देहरिया महादेव मंदिर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया इसके चलते यहां पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। यहां दिन भर धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। पंडितो के द्वारा मंत्रो का जाप भी किया गया। मेले में मनोरंजन के साधनों के साथ ही व्यजंनो की दुकानें भी सही रही वही तहसीलदार विजय सेनानी के द्वारा भी इस मेले का निरीक्षण किया गया है। तो वही मेले में पधारे श्रृद्धालुओ के लिए देहरीया के शिव भक्त मंडल के द्वारा फरीयाली प्रसादी का वितरण भी किया गया।

**महिला मंडल ने भजनो से बाबा को रिझाया :** सुबह से शाम तक शिव मंदिरा में महिला मंडला के द्वारा भजन कीर्तन का दोर जारी रहा। नगर के श्रीमनकामनेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेडी, ताखला के तारकेश्वर महादेव मंदिर समेत ग्रामीण अंचल के मंदिरो में महिलाओ ने एक से बढकर एक भजन गाते हुए महादेव को रिझाने का प्रयास किया। उसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण भी किया गया।

# टीबी रोग जांच एवं जन जागरूकता अभियान शिविर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी




जिला क्षय अधिकारी मथुरा द्वारा क्षय रोग टीबी की जांच और और दवाईयां वितरित करने हेतु शिविर का आयोजन प्राइमरी स्कूल ग्राम बलदेव गढ़ ताल ,पोस्ट रा या तहसील मांट मथुरा में किया गया। संस्थान का उद्देश्य टीबी मुक्त मथुरा है। जिसमें 5 साल के ऊपर के सभी बच्चों और महिला पुरुष सभी भी जांच की गई। । और टीबी के 10 लक्षणों के बारे में बताया गया। टीबी के कुछ रोगी जो लंबे समय से दवाइयों खा रहे है उनके लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था की गई।

टीबी कैंप स्थल। प्राइमरी स्कूल प्राथमिक विद्यालय बलदेव गढ़ ताल, रा या मथुरा।

उपस्थित। प्राकृतिक चिकित्सक राजकुमार सिंह जी 10 के लक्षणों के बारे में बताया। प्रमोद शर्मा जी स्वास्थ्य कैसे रहे क्या क्या सावधानियां बरतें इसके बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। हितेश गुप्ता जी ने बताया कि किन कारणों से टीबी वायरस फैलता है। जूनियर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र जी बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर जी ने भी धन्यवाद ज्ञापन देकर शिविर का समापन किया। टी बी का रोगी नि:शुल्क जांच व दवा लेने के लिए अपना फॉर्म संस्थान के इस ऑनलाइन लिंक पर जाकर भी भर सकते है।

# अनार देवी खंडेलवाल महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं मानवाधिकार महिला जागरूकता कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

आयोजित जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रीतम सिंह अपर जिला जज विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार परिहार जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला वक्ता माननीय सोनी वर्मा एडवोकेट जनपद कोर्ट मथुरा माननीय हेमलता सिंह एडवोकेट जनपद कोर्ट मथुरा माननीय गुड़िया देवी नगर अध्यक्ष महिला वर्ग वृंदावन सदस्य अधिवक्ता कल्याण समिति माननीय श्री निशा सिंह एडवोकेट ,जनपद कोर्ट मथुरा जिला अध्यक्ष मथुरा महिला वर्ग मथुरा और अध्यक्षता इंजीनियर बीवी सिंह प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि प्रमोद शर्मा मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल सदस्य अधिवक्ता कल्याण समिति जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह टंडेल,नगर अध्यक्ष भूदेव सिंह ,सदस्य डॉक्टर राज भरकर कॉलेज में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मानवी प्रीतम सिंह अपर जिला जज जी के द्वारा बाल विवाह एवं विधवा पुनर्विवाह पर छात्रों के मध्य में विचार एवं जागरूकता पर प्रकाश डाला और उन्हें बाल विवाह एवं विधवा पुनर्विवाह को लेकर जागरूक करते हुए और नवीन जानकारियां दी जिसमें नरेंद्र कुमार परिहार जिला बाल श्रम सेवा अधिकारी ने बाल से जुड़े रोजगार माननीय राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा प्रचलित योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए उन्हें यह जागरूक किया कि इन प्रकार की योजना किस प्रकार से हम लाभ प्राप्त




करे महिला वक्त सोनी वर्मा ने बोला हत्या पर छात्रों के मध्य में वे विचार पर प्रकाश डाला की भर हत्या आखिर है क्यों उस पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जागरूक किया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को परिचय देते हुए स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र प्राप्त किया जिसमें मनोज सिंह आलोक वर्मा मनोज शर्मा राजेश कुमार प्रमोद कुमार धर्मवीर सिंह राम प्रकाश श्रीमती सुजाता सिंह राकेश राघवेंद्र कोमल आदि लोगों ने छात्रों को पुरस्कार में स्मृति चिन्ह वितरण करके उनका उत्साह वर्धन किया प्रोत्साहित किया और उनसे आशा की की आगामी वर्ष में वैसी तरह अपनी प्रतिभा का परिचय का प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम एवं माता-पिता का नाम रोशन करें जिससे नवीन छात्रों को भी उनसे प्रोत्साहन एवं उत्साह वर्धन मिले।

# महाशिवरात्रि पर्व : रायगढ़ जिले के शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, मंदिरों में सुबह से लगी कतारें, भगवान शिव की पूजा-अर्चना में डूबे

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जिले के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। गौरीशंकर मंदिर, निकले महादेव और पहाड़ मंदिर स्थिम शिवालय में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का केंद्र बना हुआ है। शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया जा रहा है।



महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार की सुबह से ही शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगा हुआ है। बाबा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। महिला, पुरूष और युवतियां भारी संख्या में बाबाधाम पहुंचकर पूजा अर्चना पश्चात यहां आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर रहे है। बाबा धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्रद्धालुओं की इतनी संख्या में पहुंच रहे है कि एक किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। इस पावन पर्व पर पूरा रायगढ़ जिला शिवमय वातावरण में डूबा हुआ है। जहां श्रद्धालु भक्ति और आस्था के साथ भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं।

# दो बाइक आमने सामने भिड़े

केसरिया हिंदुस्तान जांजगीर ब्यूरो तरुण कुमार चौबे

आदर्श गौरव ग्राम सेमरा तहसील नवागढ़ में पेट्रोल पंप के सामने दो बाइक आमने सामने टकरा गए जिसमें दोनों चालकों को गंभीर चोट आए आसपास के लोगों ने 112 और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ इलाज के लिए भेजा गया है प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों बाइक सवार जल्दबाजी में थे और चालकों के द्वारा हेलमेट नहीं पहना गया था जिससे सिर और चेहरे पर चोट लगने से दोनों चालक की स्थिति गंभीर है। साथ में पीछे बैठे सवारियों को भी चोट लगा है।

# मथुरा बृजवासी सेवा समिति द्वारा यमुना पूजन, चुनरी मनोरथ व नवीन कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

समारोह का आयोजन यमुना तट स्थित यमुना पैलेस में किया गया जिसमें अ/यक्ष पद पर मनोज अग्रवाल व मंत्री पद पर दीपक सूतिया द्वारा पदभार ग्रहण किया गया वही समिति के वार्षिक सवौच्च पुरस्कार मोरपंख राजकुमार अग्रवाल को प्रदान किया गया ।

मण्डी रामदास से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में साथ चल रही यमुना महारानी की झांकी का पूजन व मंत्रोचारण के साथ माँ यमुनाजी को चढ़ाने वाली चुनरी का पूजन समिति संस्थापक शशिभानु गर्ग, अ/यक्ष मनोज अग्रवाल, मंत्री दीपक सूतिया, पराग गुप्ता, सोनल अग्रवाल द्वारा कर शुम्भारभ किया गया ।

मंगल कलष व पूजन साम्रगी साथ लेकर महिलायें व पुरुष बैण्ड बाजों, ढोल नगांडों की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया यमुना किनारे स्थित विशाल पण्डाल में वैदीक रिति रिवाज व मंत्रोंचारण के म/य विद्वान पण्डा पुजारियों द्वारा शंखनाद घण्टा, घड़ीयालों के साथ यमुना पूजन कराया गया जिसमें सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया लगभग दो दर्जन नावों पर सवार होकर समिति परिवार के सदस्यों द्वारा माँ यमुना जी को रंग-बिरंगी चुनरी उड़ाई गयी जोकि विशेष रूप से जयपुर से तैयार कराई गयी थी ।

वर्ष 2025 के लिये नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संस्थापक शशिभानु गर्ग द्वारा द्वीप प्रजह्लन



कर प्रारम्भ किया गया जिसमें अ/यक्ष पद पर मनोज अग्रवाल, उपा/यक्ष अमित वार्ष्णेय, अमित वागिया, मंत्री दीपक सूतिया, उपमंत्री ब्रजेष गर्ग, कोषा/यक्ष विवेक अग्रवाल, प्रचारमंत्री संजय बिजली, आय-व्यय निरीक्षक घनष्याम अग्रवाल के साथ 31 सदस्यीय कार्यकारिणी को संस्थापक शशिभानु गर्ग द्वारा शपथ दिलाई गयी निवर्तमान अ/यक्ष पराग गुप्ता द्वारा अपने कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये सहयोगी सदस्यों का सम्मान किया गया व वर्षभर विशिष्ठ सहयोगी रहे एक सदस्य जिसे समिति का वार्षिक सर्वोच्च पुरस्कार मोरपंख प्रदान किया गया वह रहे राजकुमार अग्रवाल इसी के साथ इस वर्ष समिति से जुड़े लगभग डेढ़ दर्जन नये सदस्यों का भी स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर पराग गुप्ता-अंजलि गुप्ता, अनूप-मोनिका अग्रवाल, मनोज-लता अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, गगन-प्राची बंसल, गोपालकृष्ण-रितु अग्रवाल, आशीष-ममता गर्ग, मुकेश अग्रवाल, सचिन-रितु चैधरी, मनोज-जया भार्गव, दिनेश-निषा अग्रवाल, पुनीत-सौम्या अग्रवाल, गौरव-नीतू अग्रवाल, संजय-राधा अग्रवाल, आशीष-दीपिका जैन, संजय-शिखा गर्ग, शरद-पारूल अग्रवाल, अखिल-आरती गर्ग, पंकज-कविता अग्रवाल, संजय-नूतन अग्रवाल, मुकेश-कुमकुम अग्रवाल, दीपक-समीक्षा मित्तल, लोकेश-साधना बंसल, दीपक-आरती अग्रवाल, आकाश-निशा आदि मौजूद रहे ।